फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -189, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 14

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 2

गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक

एक नजर

राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना के इच्छापुर में व्यवसायी के एक कर्मचारी के घर और कोलकाता के हातिबागान में एक शेयर कारोबारी के आवास पर भी तलाशी ली गई। बताया कि जांच के तहत मुंबई, पश्चिम बंगाल और दिल्ली-एनसीआर में कुल 15 परिसरों पर छापेमारी की गई।

अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिश: अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? –**अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
–**राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

सेना को आपूर्ति की दवाओं में सेंधमारी

संवाददाता, आगरा

- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद
- दवा की चोरी कर नॉट फॉर सेल मिटाकर बाजार में बेच देते थे

अमृत विचार : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना फरहान बेग को गिरफ़्तार किया, वह मीर जुम्मा गली, नई बस्ती, कोतवाली का रहने वाला है। उसके साथ महेंद्र कुमार उदवानी निवासी ग्वालियर-मध्यप्रदेश, नीरज राजौर निवासी नाला बूढ़ान सैय्यद-हरीपर्वत, अजय गोयल निवासी बल्केश्वर, संस्कार गुप्ता निवासी बारह भाई गली-छत्ता, प्रवेश राजपूत निवासी शेख बुलाकी-ताजगंज और राजेश भाटिया उर्फ राजा निवासी नार्थ ईदगाह कॉलोनी को गिरफ़्तार किया गया। फरहान बेग से पूछताछ से कई अहम जानकारियां मिली हैं। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली। संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

एसडीएम हटाए गए, पुलिस चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

सिलई बड़ा बवाल

- चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट, एसडीएम व तहसीलदार के हमराह भी आरोपी

अमृतविचार : गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी हैं। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव गांव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा। गांव सिलई बड़ा गांव में कुछ दिन पहले ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां बोर्ड को हटाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सुमेश का शव गांव पहुंचा। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और हंगामा किया। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम व तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

रामपुर जा रहे चंद्रशेखर को संभल में किया नजरबंद

संभल। रामपुर जनपद के सिलई बड़ा गांव में दलित युवक की गोली लगने से मौत की घटना के बाद रामपुर जा रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को पुलिस ने संभल में नजर बंद कर लिया। उन्हें तीन घंटे तक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रोककर रखा गया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बुधवार सुबह को सपा सांसद डॉक्टर शफीकुर्रहमान बर्क के दफन में शामिल होने संभल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने समर्थकों के साथ रामपुर का रुख किया तो पुलिस ने चौधरी सराय पर उनके काफिले को रोक लिया। इस दौरान वे सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह पर भड़क गए।

> सिलई बड़ा गांव में हुए बवाल के बाद एसडीएम अमन देओल को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मामले की जांच कराई जाएगी। –**जोगिन्दर सिंह**, जिलाधिकारी

सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक शादी से लौट रहे थे गांव

अमृत विचार : बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी और शहर कोतवाल एके दुबे अस्पताल पहुंचे।

उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला | नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति

लाभार्थी	कुल संख्या	आधार सत्यापित
छह माह से तीन वर्ष के बच्चे	95,64,960	94,03,642
तीन से छह वर्ष के बच्चे	87,46,648	85,01,542
गर्भवती व धात्री महिलाएं	28,27,486	27,10,595
गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे	2,24,828	1,90,060
14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं	2,40,972	2,24,328

महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा

> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

- 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के

नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।

22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

खेल डायरी

बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप

दुबई,एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा

नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर

दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

- रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

आरसीबी के लिए रेणुका ने मंच किया तैयार: मोलिन्यु

बेंगलुरू, एजेंसी

ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यु ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दोनों मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई।

आरसीबी की टीम 4 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई इंडियन्स के भी 4 अंक हैं, लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है। मंगलवार रात आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया, जिसमें रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इसके जवाब में 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दूसरी जीत दर्ज की। मोलिन्यु ने कहा कि रेणुका ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वह शुरुआत से ही गेंद को खूबसूरती से स्विंग कराती है और मुझे लगता है कि उसने दोनों मुकाबलों में हमारी जीत का मंच तैयार किया।

गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार

बेंगलुरू। बांग्लादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में अब 7 महीने बचे हैं और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिए तेज गेंदबाजों का पूल तैयार करना चाहते हैं। झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने कहा कि पिछली श्रृंखला में चार तेज गेंदबाज थे। मैं डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं।



1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'

मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत

नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

बाइकसवार पर बच्चे को घायल करने का आरोप

रामनगर। कस्बा निवासी मदन यादव ने रैपुरा थाने में तहरीर देकर एक बाइकसवार पर उसके पौत्र को टक्कर मारने का आरोप लगाया है। मदन ने बताया कि बुधवार की दोपहर उसका पौत्र सौरभ (4) सड़क किनारे घर के दरवाजे पर खेल रहा था कि नशे में धुत युवक ने उसको बाइक से टक्कर मार दी। इससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक बाइक छोड़कर भाग गया। बच्चे को चिकित्सकों ने प्रयागराज रिफर कर दिया है। उसने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 29 फरवरी को अपराह्न दो बजे से होगा। आनंद धाम पीठ श्रीधाम वृंदावन के पीठाधीश्वर सद्गुरु रितेश्वर मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर विद्यार्थियों को डिग्री और मैडल वितरित किए जाएंगे। कुलसचिव नीरजा नामदेव ने बताया कि दीक्षांत समारोह के पूर्व विद्वत यात्रा निकाली जाएगी। उपकुलसचिव अकादमी डॉ. कुसुम कुमारी सिंह और उप कुलसचिव परीक्षा डॉ. ललित कुमार सिंह ने बताया कि यूजी पाठ्यक्रमों के 523 और पीजी पाठ्यक्रमों के 241 एवम् पीएचडी पाठ्यक्रमों के 68 विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त होगी। 40 टॉपर विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे, जिसमें एक विद्यार्थी को नाना जी देशमुख स्मृति मेडल हासिल होगा।

प्रधानों को दिए गांवों के विकास के टिप्स

चित्रकूट। पिरामल फाउंडेशन ने जिला पंचायती राज विभाग के सहयोग से जीपीडीपी आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला खंड विकास कार्यालय सभागार में की गई। इसमें कर्वी, मानिकपुर, पहाड़ी तथा रामनगर ब्लाकों के ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रधानों को कम बजट तथा बिना बजट के विकास कार्य करने के गुर बताए गए। प्रोजेक्टर से सफलता की कहानियों को दिखाया गया खरौंद के ग्राम प्रधान लवकुश यादव तथा पथरामानी के प्रधान राघवेंद्र सिंह ने भी अपनी बातें साझा कीं कि ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम पंचायत कैसे बनाएं, ग्राम सभा में फोरम का गठन कैसे किया जाए।

पॉलीथिन में चाय लाकर पीने से हो सकता है कैंसर

▸▸ जिला अस्पताल में प्लास्टिक से नुकसान पर बैठक में हुई चर्चा

चित्रकूट, अमृत विचार। संयुक्त जिला अस्पताल में बुधवार को गवर्नमेंट स्टेकहोल्डर के साथ बैठक में प्लास्टिक और पॉलीथिन से होने वाले नुकसान पर चर्चा की गई। जानकारों ने बताया कि पॉलीथिन में चाय लाकर पीने से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है। इस दौरान प्लास्टिक के बहिष्कार के लिए अपील की गई।

ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में संस्था के रीजनल मैनेजर आदित्य भारद्वाज ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कई बातें समझाईं। बताया कि लकड़ी, उपले जलाने, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, धूपबत्ती और बीड़ी सिगरेट के धुएं से भी घरेलू वायु प्रदूषण होता है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक को केवल एक ही बार प्रयोग करने की बात कही। उन्होंने प्लास्टिक के बहिष्कार और संभव नहीं होने पर कम से कम उपयोग करने की अपील की। बताया कि प्लास्टिक पॉलिथीन से जमीन बंजर हो जाती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. वंदना श्रीवास्तव, डॉ. पीडी चौधरी, जिला समन्वयक राजीव पाठक, ब्लॉक समन्वयक यशवंत सिंह, पुष्पा सिंह, आउट रीच वर्कर रितु साहू, मंदाकिनी व अन्य मौजूद रहे।

बाइक रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

▸▸ युवाओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

अमृत विचार। नगर पंचायत से बुधवार को मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। इसमें युवा मतदाताओं को देश के विकास के लिए मतदान करने को प्रेरित किया गया।

जागरूकता रैली गुड मंडी, यमुना रोड, रामलीला रोड, सब्जी मंडी होते हुए वापस नगर पंचायत पहुंची। यहां गोष्ठी का आयोजन किया गया। तहसीलदार फूलचंद यादव ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान मौलिक अधिकार है। मतदान के बाद देश के लिए सरकार का गठन होना है। यह अधिकार 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले को मिलता है। बताया कि नवीन मतदाता के रूप में पंजीकरण की समयसीमा समाप्त हो चुकी है। खंड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि मतदाताओं को बिना किसी लालच के निष्पक्ष स्वतंत्र रूप से मतदान करने की स्वतंत्रता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता रैली निकालकर अभियान चलाया जा रहा है।

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि मतदान के अधिकार से ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक सरकार का गठन किया जाता है। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है और देश के विकास में सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा, सभासद गजराज प्रसाद, उदल प्रसाद, राममिलन, रमन मोदनवाल, चमन रैकवार, तरणी कुमार गर्ग, पुरुषोत्तम जाटव, अमित सोनी, जगदीश पटेल, पवन तिवारी, राहुल चौरसिया आदि बाइक रैली में शामिल रहे।

बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते जनप्रतिनिधि और अधिकारी। अमृत विचार

187 लाख रुपये से किया जाएगा नगर पालिका के वार्डों में विकास कार्य

चार कार्यों का लोकार्पण और पांच का किया गया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास विभाग मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनांतर्गत नगर पालिका परिषद के लिए 187 लाख की योजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस धनराशि से पालिका में नौ कार्य कराए जाएंगे या कराए जा चुके हैं।

इस मौके पर पालिका में हुए कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने संबंधित कार्यों के शिलापटों का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि पालिका के सभी वार्डों का समुचित विकास किया जाएगा। विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर पांच कार्यों का शिलान्यास एवं चार कार्यों का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि कर्वी शहर सीमा विस्तारित होने पर विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के 187 लाख की योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया है। इससे शहर में सीसी रोड, नाला व नाली निर्माण कार्य कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि सीतापुर, बल्दाऊगंज, ट्रांसपोर्ट नगर, डिलौरा, तुलसीनगर में विकास कार्य जारी हैं। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी, अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, अजीत सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, निर्माण लिपिक ज्ञानचंद गुप्ता एवं रवि ज्ञानेंद्र कौशल के अलावा सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

पालिका के कार्यों के शिलापटों का अनावरण करते चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता। अमृत विचार

गांवों के विकास में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका महत्वपूर्ण

सीतापुर। जन शिक्षण संस्थान चित्रकूट ने भारतरत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की पुण्यतिथि पर महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषय पर बीते दिनों संगोष्ठी का आयोजन किया। कहा गया कि गांवों के विकास में स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इसमें उषा ठाकुर पूर्व पर्यटन एवम् संस्कृति मंत्री मप्र, कृष्ण मोहन मोघे पूर्व सांसद खरगौन, शिवमोहन मिश्र देव संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार, डॉ. रज्जन द्विवेदी पोस्ट डॉक्टोरल फेलो आईसीएसएसआर, विकास कुमार सहायक प्रबंधक डीआईसी, संध्या उपेंद्र कुलकर्णी एवम् जन शिक्षण संस्थान निदेशक अनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुरुआत की। निदेशक ने बताया कि स्वयं सहायता समूह भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण और गरीबी उन्मूलन के प्रभावी आधार के रूप में उभरे हैं। संध्या उपेंद्र कुलकर्णी ने कहा कि आर्थिक सशक्तीकरण, कौशल विकास, सामाजिक एकजुटता और ऋण तक पहुंच को बढ़ावा देकर स्वयं सहायता समूह महिलाओं को सक्षम बनाते हैं। शिवमोहन मिश्रा, डॉ. रज्जन द्विवेदी, कृष्णमुरारी मोघे आदि ने भी अपने विचार रखे। मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि महिला राष्ट्र की आधार शक्ति है। कार्यक्रम में अंजली भरद्वाज, रेनू, अनुपमा, श्वेता, महिमा, दीपकुमारी ने भी अपनी बातें कहीं।

सार-संक्षेप

राष्ट्रीय रामायण मेले में आ सकते हैं मुख्यमंत्री

सीएम से मुलाकात कर आने का आमंत्रण देते कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री।

चित्रकूट। राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं। मंगलवार को मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया के साथ प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में सीएम से मिलकर उनको चित्रकूट आने का आमंत्रण दिया। प्रशांत ने बताया कि सीएम ने आश्वासन दिया है कि अगर समय मिला तो वह निश्चित रूप से आएंगे। सोमवार को कार्यकारी अध्यक्ष के साथ पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, महामंत्री करुणाशंकर द्विवेदी और राजाबाबू पांडेय ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इन लोगों ने सीएम से राष्ट्रीय रामायण मेले में उद्घाटन करने का अनुरोध किया। प्रशांत ने बताया कि सीएम ने आश्वस्त किया है कि उस दौरान अगर कोई आवश्यक कार्य न हुआ तो वह जरूर चित्रकूट आएंगे। उन्होंने मेले को भव्यता देने के लिए विशेष टीमें भेजने का भी आश्वासन दिया है। साथ ही आश्वस्त किया है कि महोत्सव को भव्य बनाने के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से भी भेंट कर मेले में आने का आमंत्रण दिया है। राष्ट्रीय रामायण मेला का यह 51वां आयोजन होगा। इसे भव्य और दिव्य बनाने के प्रयास जारी हैं। यह आठ मार्च से 12 मार्च तक होगा। कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष फिजी देश की रामलीला मंडली के कलाकार लीला मंचन करेंगे। दिल्ली केएस चौहान, तृप्ति शाक्या, पूजा अग्रवाल, मेनका मिश्रा, अजय मिश्रा आदि की प्रस्तुतियां होंगी। रामकथा के मर्मज्ञ, विद्वान अपने व्याख्यान देंगे।

चोरी की घटना का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

राजापुर (चित्रकूट)। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे चोरी का माल भी बरामद किया है। 14 अक्टूबर 23 को राजरानी पत्नी ब्रजकिशोर निवासी नादिन कुर्मियांन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी ने घर में घुसकर 40000 रुपये व जेवर चोरी कर लिए हैं। एसआई कन्हैया बक्श सिंह ने मुखबिर की सूचना पर विवेचना से प्रकाश में आए आरोपी अनूप कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी लेवहटा मजरा अर्जुनपुर को गिरफ्तार किया। इससे 2850 रुपये व गहने भी बरामद किए। पुलिस टीम में एसआई केडी मिश्रा, आरक्षी उज्जवल पांडेय और बुद्धसेन विक्रम शामिल रहे।

सीएचसी रामनगर में लगी एक्सरे मशीन

एक्सरे मशीन के पास खड़े चिकित्सक।

रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में एक्सरे मशीन लग गई है। इससे क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की प्राथमिक चिकित्सा के लिए यह मशीन उपयोगी साबित होगी। चिकित्साधीक्षक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यहां पर एक्सरे मशीन की लगातार मांग की जाती रही थी। अब शासन की स्वीकृति पर विभाग द्वारा इसे उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि शरीर की हड्डियों की स्थिति समझने के लिए इस मशीन का उपयोग किया जाता है।

क्विज में अव्वल रही अब्दुल कलाम टीम

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे।

रामनगर (चित्रकूट)। उच्च प्राथमिक विद्यालय चित्रवार में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान क्विज़ का आयोजन किया गया। इसमें नैना, नंदनी, गरिमा, आनंद, प्रॉमिस, अनमोल, सचिन, गौरव, सुजीत द्विवेदी ने प्रतिभाग किया। श्वेता मिश्रा, संस्कृति मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिवा द्विवेदी ने स्कोरर का दायित्व निभाया। 85 अंक प्राप्त कर टीम एपीजे अब्दुल कलाम टीम विजेता रही। 80 अंक के साथ कल्पना चावला टीम ने उपविजेता प्रथम एवं 70 अंक प्राप्त कर सर सीवी रमन टीम ने उपविजेता द्वितीय का स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रधानाध्यापक राजकुमार शर्मा ने पुरस्कार दिए। कार्यक्रम की व्यवस्था में सत्य भूषण सिंह का सहयोग रहा।

जीतने के बाद भूल जाते हैं पृथक बुंदेलखंड की बात: भानु

कार्यालय संवाददाता

▸▸ बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साझा किए विचार

अमृत विचार। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय यह नहीं मानते कि किसी भी पार्टी के लिए अब पृथक बुंदेलखंड राज्य मुद्दा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि यह जरूर है कि अब नेता चुनाव के समय ही इस पर बात करते हैं और जीत जाने के बाद भूल जाते हैं।

उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद विश्वनाथ शर्मा ने कहा था कि संसद का कोई सत्र ऐसा नहीं होगा, जिसमें पृथक राज्य की बात नहीं उठेगी। इसके बाद गंगाचरण राजपूत ने भी सांसद बनने के पूर्व इसके वादे किए थे। प्रदीप जैन आदित्य ने भी वादा किया। उमा भारती ने भी इसका वादा किया था। उन्होंने कटाक्ष किया कि जैसे ही नेता जीत जाते हैं, बुंदेलखंड को बिसार देते हैं। उन्होंने कहा कि पृथक राज्य भावनात्मक मुद्दा है और नेता इसका फायदा उठाते हैं। बुंदेलखंड का हर व्यक्ति चाहता है कि पृथक राज्य बने और कोई वादा करता है तो उसके साथ हो लेते हैं। यह बात अलग है कि बाद में ठगा सा महसूस करते हैं। जब उमा भारती ने कहा था कि वह तीन साल में बुंदेलखंड राज्य बनवा देंगी तो यहां के लोगों ने आंख बंदकर उनका समर्थन किया था। अब विश्वनाथ के पुत्र सांसद आदित्य शर्मा भी कह रहे हैं कि जल्द ही अलग राज्य बनवाएंगे। बताया कि हमीरपुर के सांसद पुष्पेंद्र सिंह ने जरूर आठ बार इस मुद्दे को सदन में उठाया है और हम उसको शेर कहते हैं। उन्होंने कहा कि क्यों ये लोग बचते हैं, क्यों इस मुद्दे को नहीं उठाते, क्या स्वार्थ है, क्या लालच है, ईश्वर जाने।

ईश्वर ने पद दिया पर भटक गए राजा बुंदेला

भानु सहाय कहते हैं कि जब तक राजा बुंदेला ने भाजपा ज्वाइन नहीं की थी, तब तक वह पृथक राज्य के लिए समर्पण की भावना से काम कर रहे थे। 2009 से ही वह निष्क्रिय हो गए थे पर जब उन्होंने भाजपा ज्वाइन की तो इसके बाद से वह चैनलों में आकर बोल देते हैं और बाकी जीरो रहता है। उन्होंने कहा कि राजा बुंदेला चाहते थे कि उनको कोई पद मिल जाए, जिससे वह पृथक राज्य की बात ऊपर तक पहुंचा सकें। ईश्वर ने पद दिया भी पर वह भटक गए। जब उनसे भटक गए का आशय पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह कुछ और कामों में लग गए।

भानु सहाय।

एक बार बन चुका है बुंदेलखंड राज्य

भानु बताते हैं कि सन् 1948 में जब भारत गणराज्य में छोटी रियासतों का विलय किया गया तब बुंदेलखंड के भी 33 राजा-रजवाड़ों का भी विलीनीकरण किया गया था। भारत गणराज्य में शामिल करने के दौरान लिखित संधि हुई कि भाषाई और सांस्कृतिक आधार पर बाद में पृथक बुंदेलखंड राज्य बनेगा। सरकार ने 12 मार्च 1948 को बुंदेलखंड राज्य बना भी दिया। इसकी राजधानी नौगांव हुई और मुख्यमंत्री बने कामता प्रसाद सक्सेना। यह व्यवस्था बहुत थोड़े समय चली। इसके बाद बुंदेलखंड को विंध्य प्रदेश में पहुंचा दिया गया। 1953 में प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग आया। इसने 55 में अपनी रिपोर्ट में पृथक बुंदेलखंड की संस्तुति थी। पर केंद्र सरकार ने उस समय जो भी कारण रहे हों, इसे मप्र और उप्र में बांट दिया। 1956 से ही ओरछा नरेश ने पृथक राज्य की मांग उठा दी थी। 1970 में विश्वनाथ शर्मा ने बुंदेलखंड एकीकरण समिति बनाई और राज्य निर्माण की बात आगे बढ़ाई। 1979 में शंकरलाल मेहरौत्रा ने बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया तो यह राज्य की लड़ाई ने जोर पकड़ा।

अशोक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पर लगे गंभीर आरोप

▸▸ शिक्षिका के बाद शिक्षक ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

चित्रकूट, अमृत विचार। मुख्यालय का अशोक पब्लिक स्कूल एक बार फिर चर्चा में है। यहां कार्यरत रही एक शिक्षिका ने पुलिस अधीक्षक को की गई मेल में यहां के डायरेक्टर आकाश गुप्ता, जो स्कूल संचालक का पुत्र भी है, पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि उत्पीड़न की वजह से उसे नौकरी छोड़नी पड़ी। उधर, सीओ हर्ष पांडेय ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

प्रयागराज निवासी फैजी खान आफरीदी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर स्कूल प्रबंधन पर दुर्व्यवहार, मानसिक उत्पीड़न और तनख्वाह काटने जैसे आरोप मढ़ दिए हैं। उसका यहां तक कहना है कि यहां बैंक खाते में पूरी सेलरी भेज दी जाती है और बाद में नकद रूप से आधी तनख्वाह ले ली जाती है। आरोप है कि उसने स्कूल हास्टल में अपना कमरा लॉक किया था पर उसका ताला तोड़कर सामान और नकदी निकाल ली गई।

एक आडियो भी वायरल

आकाश गुप्ता से संबंधित एक आडियो भी चर्चा में है। इसमें दिल्ली निवासी कोई महिला स्कूल की प्रधानाध्यापिका को फोन कर शिकायत करती है कि दिल्ली में रहने के दौरान आकाश उसके यहां किराए पर रहता था और बिना किराया दिए कमरा छोड़ दिया। उसने कई गंभीर आरोप भी आकाश पर लगाए और किराया न मिलने पर कानूनी कार्रवाई की बात कही। हालांकि 'अमृत विचार' इस आडियो की पुष्टि नहीं करता।

शिक्षिका के पति ने किया था हंगामा : प्रबंधक

इस संबंध में स्कूल संचालक-प्रबंधक अशोक गुप्ता ने बताया कि आरोप लगाने वाली शिक्षिका का पति स्कूल के सामने शराब पीकर हंगामा कर रहा था। साथ ही कह रहा था कि वह नौकरी छोड़ दे।

प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे नव्या व अभयराज

प्रशस्ति पत्र पाने वाले बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं और अधिकारी। अमृत विचार

चित्रकूट, अमृत विचार। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बुधवार को ईट राइट-ईट हेल्दी, सेफ एवं न्यूट्रीशंस फूड विषय पर चित्रकला, पोस्टर और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय खोह में हुए कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कक्षा तीन से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। चित्रकला/पोस्टर में प्राथमिक विद्यालय खोह-प्रथम की छात्रा नव्या पयासी और वाद-विवाद प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय, खोह के अभयराज मिश्रा अव्वल रहे।

प्रतियोगिता में खोह, मुस्लिमपुरवा, कोलगदहिया, कछारपुरवा, रेहुटिया, कालूपुर के बच्चों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया।

आयोजन | ग्रामोदय विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम

विज्ञान के मॉडलों से छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

चित्रकूट कार्यालय

अमृत विचार। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय एवं महाकौशल विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में बीते दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर वाद विवाद, निबंध, रंगोली, ऑनलाइन क्विज आदि हुईं। विज्ञान के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत सचिव अमर पाल सिंह ने मां वीणादायिनी एवं प्रोफेसर सीवी रमन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। अध्यक्षता कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने की। प्रो. आईपी त्रिपाठी और कार्यक्रम समन्वयक डॉ सीता शरण गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया। विज्ञान के छात्रों ने चंद्रयान सोलर सिस्टम, आदित्य यंत्र जैसे मॉडलों से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें विज्ञान विषय के 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पर्यावरण विभाग प्राध्यापक डॉ. साधना चौरसिया के निर्देशन में निबंध लेखन प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। डॉ. वंदना पाठक ने डिबेट प्रतियोगिता का संयोजन किया।

छात्रों के मॉडल देखते अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत हरदौली विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

पत्रांक: मेमो/2023–24 दिनांक 28.02.2024

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरदौली में राज्य वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 29/2/2024से 4/3/2024 तक

क्रं0 सं0	कार्य	लागत	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य
1	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के सामने इंटर लॉकिंग खरंजा नाली ग्रिल एवं रिबोर कार्य	410914	8000	500

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरदौली
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत हरदौली
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

एक नजर

हॉकी और खो-खो प्रतियोगिताएं छह से

बांदा : प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 6 से 11 मार्च तक अयोध्या में होगा, जबकि सीनियर पुरुष वर्ग खो-खो ओपेन प्रतियोगिता 6 से 8 मार्च तक कानपुर देहात में आयोजित की जा रही है। इसके लिए जिला स्तरीय चयन स्पोर्ट्स स्टेडियम में कराया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले चयन स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में प्रतिभाग करेंगे। क्रीड़ाधिकारी इरफान उल्ला खां ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे, सीनियर पुरुष वर्ग खो-खो ओपेन प्रतियोगिता दोपहर 12 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम बांदा में होगा।

बीस रूपए न मिलने पर युवक ने फांसी लगा जान दी

बदौसा : थाना क्षेत्र क्योटन पुरवा निवासी विजय (35) पुत्र गोरेलाल ने मंगलवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पत्नी पूनम ने शव देखा तो वह चीख पड़ी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पारिवारिक भाई घनश्याम ने बताया कि विजय नदी किनारे सब्जी की बारी लगाता था। मंगलवार को उसके पारिवारिक बहन माया की बेटी का बर्थ डे था। पूरे परिवार का निमंत्रण था। वह भी निमंत्रण में शामिल होने गया था। उसने बहन माया से नशे के लिए बीस रूपए मांगे थे।

एक झटके में उजड़ गई परिवार की 'बगिया'

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेजी से दौड़ रही बाइक में ब्रेक लगाने से हुई दुर्घटना, ओरन में पसरा मातम

दर्दनाक सड़क हादसा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो जाने की खबर मिलते ही कस्बा में मातम पसर गया। तमाम लोग उस मनहूस घड़ी को कोसते रहे, जिस समय हादसा हुआ।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी रवि पुत्र लालाभइया शादी में शामिल होने के बाद बुधवार की दोपहर अपनी मां सीमा, भाई बाबू, बहन आरती को बाइक में बैठाकर गांव जा रहा था। बाबू बाइक की टंकी पर बैठा था। दोनों मां बेटी पीछे बैठी थीं। जैसे ही रवि बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किलो मीटर 35.7 के पास पहुंचा अचानक उसने बाइक का ब्रेक लगा दिया। तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी और रेलिंग से जा टकराई। रवि और बाबू रेलिंग पार कर बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। उनकी मौके पर मौत हो गई। मां बेटी की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक में एक भी खरोंच तक नहीं आई। सिर्फ बाइक का इंडीकेटर टूटा था। तेज रफ्तार से एक ही झटके में चार जिंदगियां खत्म हो गई। दर्दनाक हादसे में परिवार उजड़ गया। घटना की जानकारी कस्बे में पहुंचे ही मातम छा गया। तमाम पड़ोसी मनहूस घड़ी को कोसते नजर आए।

शव देख बदहवास हुआ पिता: पिता लालाभइया गांव जाने के लिए लामा से बांदा तक टेंपो में आया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कालू कुआं से प्राइवेट बस से कस्बा पहुंचा। बस से नीचे उतरा ही रहा था कि घटना की जानकारी मिली। परिवार उजड़ने की खबर से वह बदहवास हो गया। उसकी आखों के आंसू सूख गए। उसे क्या मालूम था कि उसकी पत्नी और बच्चो की यह आखिरी मुलाकात है। मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

पांच माह पहले ही खरीदी थी बाइक : लालाभइया भूमिहीन है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पुत्र रवि इंटर में पढ़ता था। उसके कालेज आने-जाने के लिए नवरात्र में नई बाइक खरीदी थी। लालाभइया को क्या पता था कि जो बाइक वह खरीद रहा है, उस बाइक से उसका परिवार उजड़ जाएगा।

मां सीमा।

बेटी आरती।

बाइक चालक पुत्र रवि।

दुर्घटना के बाद मौका मुआयना करती पुलिस। अमृत विचार

यातायात नियमों की सरेआम उड़ रहीं धज्जियां

- सड़कों पर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। पुलिस और परिवार विभाग मूकदर्शक बना रहता है। इसीलिए हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शायद ही कोई दिन गुजरता है, जब सड़क हादसा न होता हो। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों लोग बेमौत मारे जाते है। अधिकांश लोग जानबूझकर नियमों की अनदेखी करते हैं। परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के बावजूद लोग यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। यातायात माह की भी लोग परवाह नहीं कर रहे। जागरूक करने के बावजूद जिले की सड़कों पर बिना हेलमेट के ही ज्यादातर लोग सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं।

बाइक पर चार सवारी पड़ी जिंदगी पर भारी

- बाइक एक और सवारियां एक, दो नहीं बल्कि तीन से चार तक। दो सवारियों की बाइक पर तीन से चार सवारियां चल रहीं हैं, वह भी बिना हेलमेट के, जिससे जान का खतरा बढ़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकीं हैं और जान भी जा चुकी है, लेकिन लोग हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। तीन से चार सवारी बाइक सवार दौड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही हो। यातायात पुलिस व सिविल पुलिस की ओर से जिले भर में रोजाना ही बिना हेलमेट एवं दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी लेकर चलने पर चालान किया जा रहा है, लेकिन नियमों के उल्लंघन करने को जिले के ज्यादातर लोग अपनी शान मानते हैं, जिसका खामियाजा कई बार दुर्घटना के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

सीएम ने साइबर थाने की वर्चुअल शुरुआत की

वर्चुअल शुभारंभ के अवसर शामिल भाजपा नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता , बांदा

- थाने में 40 पुलिस कर्मियों के नवनिर्मित हॉस्टल का लोकार्पण

अमृत विचार: शासन की मंशा के अनुरूप साइबर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ के लोकभवन से बांदा समेत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर थानों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इसके अलावा पुलिस लाइन के सभागार में इसका लाइव प्रसारण भी देखा गया।

शासन की मंशा है कि साइबर अपराधों पर पूरी कड़ाई के साथ रोक लगे। इस उद्देश्य को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 57 जनपदों में बांदा भी शामिल है।साइबर थानों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद में साइबर थाने का शुभारंभ किए जाने के साथ-साथ थाना बबेरू में 40 पुलिस कर्मियों के लिए बनाए गए हास्टल, बैरिक का भी वर्चुवल लोकार्पण किया। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

उधर बबेरू में कोतवाली परिसर में चालीस पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरक और विवेचना कक्ष का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी राजबीर सिंह एवम जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय पटेल, विश्वेश्वर पाण्डेय, बच्चा सिह, विजय पाल सिह, जिला महामंती विवेकानन्द आदि रहे।

अभिभावकों की निगरानी से ही रुक सकते बाल लैंगिक अपराध

कार्यशाला में बोलतीं अर्चना मिश्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार : ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान चित्रकूट व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउण्डेशन के सहयोग से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल एसएस रेजीडेन्सी में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के साथ हो रहे लैंगिक अपराधों को रोकने के लिए स्वयं की निगरानी और देख-रेख को बढ़ाना होगा।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना मिश्रा ने बताया कि बाल विवाह व लैंगिक अपराध बाल यौन शोषण दोनों एक-दूसरे के पूरक है। बाल यौन शोषण का मूल कारण डिजिटल इण्डिया, कच्ची उम्र का प्रेम और बच्चियों का घर से पलायन प्रमुख हैं। बच्चियां कच्ची उम्र के प्रेम में पड़कर अपने घरों से ही किसी के साथ भाग जाती हैं और बाहर जाने पर विभिन्न प्रकार के शोषण का शिकार होना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यदि कोई नाबालिग लड़की गर्भवती हो जाती है तो उसका जो बच्चे पैदा होता उसे समाज स्वीकार नहीं करता। बच्चों के साथ ऐसे अपराधों को रोकने के लिए अभिभावकों को स्वयं निगरानी और देख-रेख को बढ़ाना होगा। बाल कल्याण समिति के सदस्य अम्बरीश ने बताया कि बच्चों के साथ हो रहे अपराधों को रोकने के लिए गांव के प्रत्येक सदस्य तक बच्चों के लिए सरकार द्वारा बनाए गए अधिनियम व योजनाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना होगा। बेसिक शिक्षा विभाग से आए हुए जितेन्द्र ने बताया कि बच्चों के साथ हो रहे अपराधों को रोकने के लिए हमें अपने आपको बदलते हुए समाज में बदलाव लाने की आवश्यकता है। अधिवक्ता विद्याधर पटेल ने बताया कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ हो रहे यौन शोषण को रोकने और बच्चों के संरक्षण व सुरक्षा के लिए बनाया गया है।

बाल संरक्षण अधिकारी राजीव सिंह, परियोजना निदेशक श्रवण कुमार ने भी मंच को साझा किया। कार्यशाला में ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान चित्रकूट के विनोद कुमार, योगेश प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, ज्ञानेश्वर प्रसाद, शिवकुमार, सन्तोष बाबू, सन्तोष कुमार वर्मा, ललता देवी ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह के सदस्य व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नकदी-जेवर के साथ नाबालिग लड़की को ले गया युवक

नरैनी : नाबालिग लड़की को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती घर में रखे 50 हजार रुपये नकद व चांदी के जेवर साथ ले गई। मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि वह 16 फरवरी को अपने दूसरे घर चली गई थी। तभी अजयगढ़ मध्य प्रदेश के सिमरा गांव निवासी हल्कू पुत्र बल्दू ने उसकी नाबालिग बेटी को बहलाया फुसलाया और साथ में भगा ले गया। लड़की उसके घर में रखे पचास हजार नकद व आधा किलो चांदी के जेवर भी साथ ले गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चुनाव में पार्टी नेताओं को गांव में घुसने से रोकेंगे क्षेत्रवासी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

रामजानकी मंदिर के बाहर प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी। अमृत विचार

- यमुना पर सेतु निर्माण को लेकर तेजी पकड़ रहा बैठकों का दौर
- सरकार की वादाखिलाफी का प्रचार घर-घर जाकर करेंगे

अमृत विचार: यमुना नदी में सेतु निर्माण को लेकर क्षेत्रीय गांवों में बैठकों का दौर तेजी पकड़ता जा रहा है। ग्रामीण लगातार एक ही बात की रट लगाए हुए हैं कि पुल निर्माण का वादा कर सरकार अपनी बात से मुकर गई। यदि लोकसभा चुनाव से पहले सरकार पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं करवाती तो क्षेत्रवासी चुनाव बहिष्कार की अपनी जिद से पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही वोट मांगने आने वाले पार्टी नेताओं को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा और सरकार की वादाखिलाफी की बात लोगों को घर-घर जाकर बताई जाएगी।

पुल निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को पुल निर्माण आंदोलन समिति की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत नरौली के रामजानकी मंदिर में हुआ। बैठक में ग्रामवासियों ने पुनः पुल नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुए कहा साफ शब्दों में कहा कि यमुना नदी पर बनने वाला पुल यहां की जनता की लाइफ लाइन होगा। पुल निर्माण न होने से यहां का सारा विकास बाधित है। गांव के हरिनारायण द्विवेदी, शंकर विश्वकर्मा और बद्रीविशाल ने कहा कि यमुना नदी में पक्के पुल का निर्माण न हो पाने से उनका क्षेत्र बहुत ज्यादा पिछड़ चुका है। सबसे ज्यादा यहां के लोगों को दिक्कत बरसात में चार महीनों में उस वक्त होती है जब पानी भर जाने से पूरा क्षेत्र टापू बन जाता है और क्षेत्र के लोग गांव से बाहर नहीं निकल पाते। सूबे में हर कहीं विकास हो रहा है, लेकिन एक छोटा सा पुल बनवाने से सरकार पीछे हट रही है। गांव के ग्रामीण रामकिशोर विश्वकर्मा और रामबाबू परिहार ने कहा कि यदि जल्द पुल निर्माण की प्रक्रिया नहीं शुरू होती तो चुनाव बहिष्कार के साथ ही पार्टी नेताओं के गांव में घुसने पर भी रोक लगाई जाएगी और जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी का प्रचार घर-घर जाकर किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि

बीते वर्ष बांदा के तिरहार क्षेत्र से फतेहपुर दोआबा क्षेत्र को जोड़ने वाले पुल निर्माण की मांग को लेकर लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री समेत स्थानीय विधायक/राज्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा गया था। पुल निर्माण की विस्तृत चर्चा भी हुई थी। जनप्रतिनिधियों ने जल्द पुल निर्माण का आश्वासन भी दिया था, लेकिन 6 माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वादे पर अमल नहीं किया गया, जिससे पूरे क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। आगामी 10 मार्च को जनता की महापंचायत पैलानी डेरा में लगेगी, जिसमें दो सैकड़ा से भी ज्यादा लोग प्रतिभाग करेंगे। आज की बैठक में प्रमुख रूप से पुल निर्माण संघर्ष समिति समन्वयक पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले, कुलदीप परिहार, हरिनारायण द्विवेदी, बलराम द्विवेदी, मन्नी सिंह चौहान, रामेश्वर प्रसाद, रामदास विश्वकर्मा, शिवम् सिंह, धनपत, मनोज साहू, श्रवण तिवारी, रामसेवक आदि रहे।

मॉडल विलेज के मिडटर्म रिव्यू को गांव पहुंची टीम

कार्यालय संवाददाता, बांदा

जिलाधिकारी के साथ बैठक करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार: भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के तहत डेनमार्क से सहायता प्राप्त जल जीवन मिशन के अंतर्गत चिह्नित मॉडल विलेज के मिड-टर्म-रिव्यू के लिए एक समीक्षा दल का आगमन बड़ोखर खुर्द गांव में हुआ।

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जल जीवन मिशन के सेक्टर पार्टनर द्वारा ग्राम कार्य योजना, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के बिंदुओं का निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया। मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट ने एक रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाने का सुझाव दिया। इससे पहले जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ प्रतिनिधि मण्डल की बैठक हुई। अपर आयुक्त एमपी सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मनोज श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण व यूनॉप्स के जिला सलाहकार आशीष कुमार सिंह ने भेंट की। समीक्षा टीम के साथ जिलाधिकारी की वार्ता में भूगर्भ जल को संरक्षित करने के लिए जनपद के प्रयासों, अविरल जल अभियान, बांदा की बूंद बांदा के नाम और ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना इसकी उपयोगिता तथा सामुदायिक स्वीकार्यता पर गहन बातचीत हुई। डीएम ने यूनॉप्स की परिधि बढ़ाने का आग्रह किया। टीम ने कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे कार्यालय में वाटर सप्लाई स्कीम का मॉडल देखा। इसके बाद बड़ोखर खुर्द गांव के 650 किलोलीटर का जलाशय और 250 किलो लीटर पानी की टंकी परिसर का निरीक्षण किया। गांव का ट्रांजेक्ट वाक करते हुए नल की टोटियों, सोख्ता गड्ढा, जूनियर हाईस्कूल में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरआदि कार्यों का स्थलीय भ्रमण किया। प्रधान प्रतिनिधि पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, पंचायत सचिव पंकज कुशवाहा, आनंद यादव आदि रहे।

अधिवक्ता संघ चुनाव एक माह में कराने पर बनी सहमति

बैठक में बोलते विनोद तिवारी। अमृत विचार

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

29 फरवरी को होने वाला मतदान स्थगित

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ के आदेश पर 169 मतदाताओं पर एक माह में चुनाव कराने के आदेश के बाद आमसभा की बैठक कर अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आदेश का हवाला देते हुए एक माह में चुनाव कराने पर सहमति बन गई। जिस पर 29 फरवरी को होने वाले मतदान को निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने अग्रिम तिथि तक स्थगन का आदेश जारी कर दिया। बार काउंसिल के आदेश पर इल्डर कमेटी के सदस्यों के चयन और वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच चुनाव अधिकारी के चयन का भी निर्देश शामिल है। अधिवक्ताओं ने आमसभा की बैठक में जल्द से जल्द बार काउंसिल द्वारा जारी सीओपी कार्डधारकों की मतदाता सूची से चुनाव कराने पर चर्चा की।

38 अधिवक्ताओं को मतदाता सूची से हटाने पर उपजे विवाद के चलते अधिवक्ताओं में हुई गुटबाजी आखिर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष के आदेश के बाद बुधवार को खत्म होती दिखी। बार काउंसिल से आए आदेश पर चर्चा के लिए महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने आमसभा की बैठक अधिवक्ता सभागार में आहूत की, जिसकी अध्यक्षता इल्डर कमेटी चेयरमैन विनोद तिवारी ने की। बैठक में बार काउंसिल से आए आदेश पर व्यापक चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल द्वारा जारी सीओपी कार्डधारकों की सूची आने पर बार काउंसिल के निर्देशानुसार एक माह में चुनाव संपन्न कराए जाने पर आम सहमति बनाई। चेयरमैन विनोद तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल हमारे शीर्ष संस्था हैं। उसके आदेश के अनुपालन में एक माह के अंदर चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। आम सभा में इल्डर कमेटी का चयन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की भी चर्चा हुई। अधिवक्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए देखते हुए बार काउंसिल के निर्देश पर 29 फरवरी को होने वाले मतदान को निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने रोकने का आदेश जारी किया। जिससे सभी अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दिखी। बैठक में बृजमोहन सिंह, मनोज आदि रहे।

कार्यक्रम शंख, घंटा-घड़ियाल का वादन कर उतारी केन जल आरती

केन की जलधार टूटी तो बांदा का अस्तित्व भी खत्म

कार्यालय संवाददाता, बांदा

केन जल की आरती उतारते बांदा के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: अपने निर्मल जल से बांदा की धरती को अभिसिंचित करने वाली और मीठे जल से यहां के बाशिंदों की प्यास बुझाने वाली केन नदी की जल आरती का आयोजन हर बार की तरह इस बार भी मंगलवार को आयोजित हुआ। लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए शंख, घंटा और घड़ियाल वादन के साथ पूर्ण श्रद्धा से आरती उतारी। लोगों को समझाया गया कि यदि केन नदी की जलधार टूटती है तो बांदा का अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा। इस मौके पर नदी के जल को पवित्र रखने का संकल्प लिया गया।

बीते कई वर्षों से केन जल आरती की परंपरा अनवरत चली आ रही है। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति इस कार्यक्रम को अपने प्रयासों से जारी रखते हुए भव्य बनाने के प्रयास में जुटा है। इस बार भी मंगलवार केन जल आरती का आयोजन हुआ। केन जल की आरती उतारने के लिये बड़ी संख्या में लोग केन तट पर एकत्र हुए और शंख, घंटा-घड़ियाल के साथ आरती उतारी। केन जल आरती का लगातार प्रचार-प्रसार होने से अब लोग यहां काफी संख्या में जुटने लगे हैं। यह जल आरती और जागरूकता का ही परिणाम है कि लोगों की समझ में आने लगा है कि नदी के जल को अपवित्र करने का परिणाम किसी और को नहीं हमें ही भुगतना पड़ेगा। आरती उतारने के साथ ही लोगों ने केन नदी तट पर ही संकल्प लिया कि केन की निर्मल जलधार को अविरल गति से आगे बढ़ने के लिए हम इसे साफ और स्वच्छ रखेंगे साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे। सभासद विनय प्रजापति ने इस मौके पर कहा कि समिति लगातार केन की जलधार की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। समिति के पदाधिकारी लगातार सभी को केन के अस्तित्व और महत्व समझा कर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। लोगों को बताया जा रहा है कि यदि केन की जलधार किसी कारण से टूटती है तो बांदा का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। सभी से केन की जलधार को पवित्र रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम, संजय लस्करी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति, , महेश ,धुरिया, सम्राट सिंह, वामदेवेश्वर मंदिर के पुजारी पुत्तन तिवारी, नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव, नगर उपाध्यक्ष सागर गोयल, नगर उपाध्यक्ष संदीप सेन समेत अन्य पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वाहन की टक्कर से दंपति घायल

नरैनी : साइकिल से इलाज कराने जा रहे बुजुर्ग दंपति को डग्गामार वाहन ने पीछे से जोर की टक्कर मारी और वहां से फरार हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। महिला की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव निवासी नंदकिशोर (62) बुधवार सुबह पत्नी मल्ल्हो (58) वर्ष को साइकिल में बैठाकर कच्ची सड़क गांव के पास एक प्राइवेट क्लीनिक में दवा कराने जा रहा था, तभी कच्ची सड़क और रिसौरा के बीच तेज रफ्तार टैक्सी ने पीछे से जोर कीर टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी साइकिल समेत सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया।

बारिश के बाद तेज धूप से दाना चटक कर खेतों में बिखरा

बारिश के चलते तमाम परीक्षार्थी ने भीगते हुए पहुंचे केंद्र

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

खेत में पानी बरसने के बाद खराब पड़ी फसल। अमृत विचार

अमृत विचार। क्षेत्र में मंगलवार को हुई बारिश के बाद के बाद बुधवार को तेज धूप निकलने से अब दाना चटक कर खेतों में बिखरने लगा है। इससे किसानों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी हो गई है। वहीं मंगलवार को रुक- रुककर सारा दिन हुई तेज बारिश से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में पहुंचने में खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा। कई परीक्षार्थी बारिश में भीगते हुए परीक्षा देने केंद्र पहुंचे और गीले कपड़ों के बीच तीन घंटे तक बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए।

जिले में चल रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोड परीक्षाओं में परीक्षार्थियों का दूर दराज के विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होने के कारण अभी तक तो परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर एक एक घंटे पहले पहुंच जाते थे, लेकिन कल सुबह से शुरू हुई बारिश शाम तक जारी रही। इससे कई परीक्षार्थी बारिश थमने के इंतजार में बैठे रहे, लेकिन बारिश के रुकने का नाम न लेने से तमाम परीक्षार्थी भीगते हुए परीक्षा देने पहुंचे। बारिश के चलते कपड़े पानी से गीले हो जाने के कारण उन्हें परीक्षा देते समय असुविधा का सामना करना पड़ा।

खेतों में चल रही कटाई के समय अचानक तेज बारिश होने से खेतों में सूखी पड़ी चना, मटर की फसल बारिश से बर्बादी की कगार पर पहुंच गई, इतना ही नहीं बुधवार को निकली तेज धूप के चलते मटर, मसूर, लाही के दाने खेतों में जगह- जगह गिरे दिखाई दिए, इससे अब दानों को समेटना किसानों के लिए टेड़ी खीर साबित हो रहा है। अन्नदाताओं ने शासन प्रशासन को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बारिश से हुए फसल के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

किसान जैविक खाद का प्रयोग कर अधिक उत्पादन बढ़ाएं

संवाददाता जैतपुर महोबा

अमृत विचार। ब्लाक प्रमुख जैतपुर संदीप राजपूत ने कहा कि आज का दिन किसानों के लिए खुशी का दिन है। प्रधानमंत्री ने किसानों के खातों में सम्मान निधि की 16वीं किस्त भी डाल दी है। इससे किसानों को यह धनराशि मिलेगी और किसान इस धनराशि से अगली फसल को तैयार करने में लगा सकेंगे। प्रधानमंत्री ने किसानों का सम्मान निधि देकर मान बढ़ाया है।

ब्लाक प्रमुख बुधवार को ब्लाक परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सम्मान निधि के साथ ही सरकार की कृषि संबन्धी योजनाओं का भी किसानों को लाभ दिया जा रहा है। पूर्व की सरकारों ने किसानों के दर्द को नहीं समझा और न ही उनको योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को इसका समुचित लाभ भाजपा सरकार दे रही है। किसान को जैविक खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि किसान परंपरागत खेती के साथ ही बागवानी और औषधि की खेती अपनाएं, जिससे अच्छा लाभ मिल सके। प्रगतिशील किसान रमेश यादव ने कहा किसान रसायनिक खादों का प्रयोग बंद करके जैविक खाद का प्रयोग करें। कालका प्रसाद, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप सिंह, जगदीश पटेल, शुभम मिश्रा, वीरेंद्र कुमार रहे।

कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

गेहूं क्रय कार्य के लिए कार्मिक नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

कार्यशाला में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रभारी अधिकारी, गेहूं खरीद, राम प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में गेहूं खरीद 2024-25 के अन्तर्गत गेहूं क्रय कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों के प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रभारी, ई-पॉस डिवाइस, अमन तिवारी द्वारा समस्त क्रय केन्द्र प्रभारियों को ई-पॉस डिवाइस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने अवगत कराया कि आगामी सत्र में गेहूं खरीद के लिए विपणन शाखा के 5, पीसीएफ के 34 एवं भारतीय खाद्य निगम के छह क्रय केन्द्र जिलाधिकारी से अनुमोदित कराये जा चुके हैं। इस वर्ष गेहूं का क्रय एक मार्च से प्रारम्भ होगा और कृषक के अतिरिक्त बटाईदारों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद की जाएगी। सभी क्रय एजेन्सियों द्वारा क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। इस वर्ष उतराई, छनाई एवं सफाई में आने वाला व्यय 20 रुपये क्विंटल कृषकों द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा, इसका भुगतान

- **2024-25 के गेहूं क्रय केंद्र में एक मार्च से खरीददारी करने के दिए गए निर्देश**

किसान को उसके गेहूं के मूल्य के भुगतान के साथ किया जाएगा। गेहूं क्रय के लिए पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध हैं। बोरे की सिलाई एवं स्टैन्सिल का कार्य नीले रंग से की जाएगी। कृषक का भुगतान आधार लिंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से किया जाएगा, कृषक को संबंधित बैंक में जाकर अपना आधार लिंक एवं एनपीसीआई पर मैप कराना होगा। उक्त के अतिरिक्त केन्द्रों पर खरीद सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्थाओं, खरीद एवं कृषकों के पंजीकरण से संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद ने उपस्थित क्रय एजेन्सियों को निर्देशित किया गया कि वह क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्था 29 फरवरी तक पूर्ण करा लें तथा एक मार्च से क्रय केन्द्र प्रभारी अपने अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहकर कृषकों का अधिक से अधिक पंजीकरण करायें।

सभी यह ध्यान रखें कि खरीद में कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। इस मौके पर कार्यशाला में रामकृष्ण पांडेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, यशवीर सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, नितिन अग्निहोत्री, प्रबन्धक(खरीद), भारतीय खाद्य निगम, इति चतुर्वेदी, प्रभारी जिला प्रबन्धक, पीसीएफ सहित सभी केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

चंद्रावल नदी में गिरा ऑटो, चालक की मौत

महोबा। मवई खुर्द गांव के बाहर से निकली चंद्रावल नदी में बने रपटे से निकलते समय ऑटो सवारी सहित नदी में गिर गया। चालक की मौत हो गई। एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। लोगों ने दूसरे टेंपो सवार को किसी तरह पानी से निकाल कर खन्ना अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार करनेकेबाद छुट्टी कर दी गई। खन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरा निवासी राम लखन 35 पुत्र चंद्रभान यादव ऑटो चलाता था। रात में मवई खुर्द गांव से ऑटो लेकर अपने गांव पुरा जा रहा था तभी मवई खुर्द व पुरा के मध्य चंद्रावल नदी में बने रपटे में रात का समय होने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया। चालक राम लखन ऑटो में दब गया। मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ पुरा निवासी मुकेश कुमार 32 पुत्र वासुदेव घायल हो गया। थाना खन्ना प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश व सब इंस्पेक्टर मौजी लाल मौके पर पहुंचे।

सरकारी हैंडपंप पर कब्जा डीएम से शिकायत, जांच

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **डीएम ने घटना की जांच कराए जाने का ग्रामीणों को दिया आश्वासन**

अमृत विचार। विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम रुरीकला में एक दबंग ने सरकारी हैंडपंप पर कब्जा करके मकान के अंदर पाइप लाइन ले गया है। इतना ही नहीं बीच में बाधक बन रही सड़क को काटकर उसमें हर घर जल योजना के मोटे पाइप को चोरी करके सड़क पर डाल दिया गया है। इससे ग्रामीणों ने आपत्ति जताते हुए इसकी शिकायत जिलाधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है।

जगदीश, पुष्पेंद्र, धीरेंद्र, तेजराम सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि दबंग ने हैंडपंप के पाइप में अपना पाइप फिट करके हैंडपंप का पानी मोटर से खींच रहा है और सरकारी सड़क खोदकर पाइप अपने घर तक ले गया है। अब हैंडपंप का पानी दरवाजे से बहाने से पड़ोसियों के मकान नीचे होने के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बारिश के मौसम में समस्या और अधिक बढ़ जाएगी, इससे पड़ोसियों में खासा आक्रोश है।

जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि दरवाजे पर पानी फेंके जाने और सरकारी हैंडपंप पर कब्जा किए जाने की शिकायत करने पर दबंग लड़ाई झगड़े पर आमादा है। हैंडपंप पर कब्जा किए जाने से ग्रामीणों को पानी की असुविधा हो रही है। गरीब वर्ग के लोग दबंग का सामना करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। पाइप लाइन घर तक ले जाते समय सड़क काटे जाने के मार्ग कीचड़युक्त हो गया है। घटना हो सकती है।

पुलिस टीम ने गांजा समेत आरोपित को पकड़ा

महोबा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य जिले में पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना खन्ना पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि थाना खन्ना के उपनिरीक्षक मलखान सिंह अपने साथी कांस्टेबिल जितेंद्र सिंह, अंकित कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी ग्राम ग्योड़ी तालाब के पास प्रीतम सिंह पुत्र बिदुर सिंह निवासी ग्राम ग्योड़ी खन्ना एक थैला हुआ जा रहा था, जो पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के बाद तलाशी ली गई और थैले से लगभग एक किग्रा गांजा बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

340 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा

परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

अमृत विचार। हाईस्कूल इंटरमीडिएट की कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था के बीच चल रही बोर्ड परीक्षा में इस साल परीक्षार्थी बढ़ती सख्ती के चलते भारी संख्या में परीक्षाएं छोड़ रहे हैं। बुधवार को संपन्न हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की संस्कृत, अर्थशास्त्र, चित्रकला के पेपर में 340 परीक्षार्थियों ने यूपी बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गठित की गई टीमों के चलते परीक्षा केंद्रों में परिंदा भी पर नहीं मार पा रहा है।

बुधवार को सुबह पाली में हाईस्कूल के संस्कृत विषय में पंजीकृत 549 परीक्षार्थियों में से 524 ने परीक्षा दी जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुबह की ही पाली में इंटरमीडिएट के अर्थशास्त्र विषय में 1974 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1895 ने परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 79 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इसी तरह दूसरी पाली में हाईस्कूल के संगीत वादन पेपर में 07 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 06 ने परीक्षा दी, जबकि एक परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ी। इंटरमीडिएट की दूसरी पाली चित्रकला पेपर में 3640 पंजीकृत में से 3405 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 225 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कुल मिलाकर 32 परीक्षा केंद्रों में चल रही यूपी बोर्ड परीक्षा में एक भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया।

- **उड़नदस्तों ने एक के बाद एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लिया जायजा**

जिले में बनाए गए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा नियमित केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, राजकीय मकुंदलाल इंटर कालेज सहित तमाम परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया, जहां पर परीक्षार्थी शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा देते पाए गए। उड़नदस्तों ने कक्षों में जाकर निगरानी की।

मेधावी छात्र- छात्राएं हुईं सम्मानित

महोबा। शिरडी सांई बाबा स्कूल निस्वारा में भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने ऐतिहासिक प्राचीन और संस्कृति से संबन्धित लिखित परीक्षा में अपने विवेक और ज्ञान को शब्दों के माध्यम से पुस्तिका पर प्रदर्शित किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परीक्षा में कक्षा आठ की छात्रा आरती ने 100 में से 89 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा की कंचन को 88 अंक पर संतोष करना पड़ा।

इसके अलावा एक दर्जन से ज्यादा विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त कर अपने ज्ञान का परिचय दिया। इस मौके पर खेमचंद्र, रामसिंह, सोनम, रश्मि, कृष्णकांत, उपेंद्र द्विवेदी, क्रांति सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे। अंत में विद्यालय संस्थापक मोतीलाल गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं को अपने ज्ञान को अर्जित करने का मौका मिल सके।

180 पेंशनर्स के स्वास्थ्य का किया गया परीक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। जिला शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों ने पेंशनरों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी मिलते ही सुबह से ही पेंशनरों की कैंप में भारी भीड़ जमा हो गई। जहां पर एक एक पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में 180 पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. गुलशेर, डा. राजेश वर्मा स्किन विशेषज्ञ, डॉ. पवन राजपूत, डॉ. योगेन्द्र राजावत, डॉ. एके सक्सेना नेत्र सर्जन और जीतेन्द्र कुमार फार्मेसिस्ट, रोहित नेत्र सहायक, मंगल सिंह लैब टेक्नीशिय, प्रतिमा सक्सेना एएनएम के साथ जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार के नेतृत्व में कैंप लगा गया, जहां पर सैकड़ों लोग रहे।

सुदामा गरीब थे पर दरिद्र नहीं

कार्यालय संवाददाता महोबा

कथा सुनाते कथा व्यास व उपस्थित लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के बिलबई चुंगी तिराहे पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा का एक सप्ताह बाद बुधवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भी श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पं. देवीशंकर शास्त्री ने भागवत कथा का भक्तों को श्रवण कराया जिसमें सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथायें सुनाई। इन कथाओं को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। कथा के समापन दौरान कथा व्यास ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने सुदाम की मित्रता का प्रसंग सुनाया तो श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

कथा वाचक ने कहा कि सुदामा जी संसार की दृष्टि में गरीब तो थे और उनके पास कृष्ण नाम का धन था, लेकिन वह दरिद्र नहीं थे। सुदामा जी ने अपने जीवन में किसी से कुछ मांगा नहीं। बताया कि पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंच गए और द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को संदेश दिया कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आपसे मिलना चाहता है और यह बात सुनकर श्रीकृष्ण नंगे पैर सुदामा से मिलने के लिए पहुंच गए। प्रभु को भागत देख सब लोग आश्चर्य चकित रहे गए।

कहा कि सुदामा ने भगवान के पास जाकर भी कुछ नहीं मांगा, लेकिन भगवान कृष्ण अपने स्तर से सब कुछ दे देते हैं। कथा व्यास ने कथा के माध्यम से सुदामा चरित्र जीवन में आयी कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है।

- **श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं की आंखे कर दीं नम**
- **एक सप्ताह से बिलबई चुंगी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन**

उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तों को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। कथा के बाद हवन का आयोजन किया गया। मित्रता निस्वार्थ भाव से करना चाहिए। सुदामा जैसा मित्र होना मुश्किल है।

कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा

महोबा। शहर के मोहल्ला गोपाल नगर रेलवे पुल राठ रोड स्थित सिद्धेश्वर धाम मंदिर में 28 फरवरी से श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। श्रीमद्भागवत कथा से पहले गुरुवार को मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी और दोपहर दो बजे से कथा व्यास पं. रामगोपाल तिवारी द्वारा लोगों को कथा का रसपान कराया जाएगा। 5 मार्च को कथा का समापन होगा, जबकि 6 मार्च को श्रीमद्भगवत गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा, इसके अलावा 7 मार्च को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा और 8 मार्च को पूर्णाहुति दी जाएगी और इसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य के रूप में वाराणसी के पं. शिवदत्त मिश्र शास्त्री और महोबा से पं. उमाशंकर मिश्र पधारेंगे।

मुसीबत | 800 से 1000 मरीज प्रतिदिन जिला अस्पताल उपचार कराने पहुंच रहे

बदले मौसम में मरीजों की संख्या बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अस्पताल के वार्ड में भरे पड़े मरीज। अमृत विचार

अमृत विचार। बारिश के बाद एक बार फिर बदले मौसम के मिजाज से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बुधवार को जिला अस्पताल में सर्दी, पेट दर्द, बुखार और गले में खरास से संबन्धित मरीजों की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही ओपीडी में मरीजों की लाइन लग गई, जिससे डाक्टरों को पल भर की फुर्सत नहीं मिली। सबसे ज्यादा मरीज डाक्टर गुलशेर के कक्ष में दिखाई दी। आज 800 से 1000 मरीजों तीमारदारों के साथ अस्पताल पहुंचकर अपना अपना उपचार कराया।

मालूम हो कि पल पल में बदल रहा गर्मी सर्दी के मौसम के चलते मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यह सर्दी का हेल्दी मौसम कहा जाने वाला अब इस साल हेल्दी मौसम नहीं रहा। सर्दी के मौसम में भी अस्पतालों में मरीजों की भारी संख्या देखने को मिल रही है। ओपीडी के अलावा दवा कक्ष और पर्चा कक्ष के बाहर भी मरीजों की लंबी लाइनें दिखाई दे रही हैं, जिससे डाक्टरों को सुबह से दोपहर दो बजे तक ओपीडी से उठने की फुर्सत नहीं मिली। कमोवेश यही स्थिति महिला जिला अस्पताल की है यहां पर भी महिला मरीजों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है।

गौरतलब है कि आज कल चारो तरफ बदले मौसम के मिजाज के चलते मरीज बढ़ गए हैं, जिससे अधिकांश मरीज जिला अस्पताल में इलाज कराने को पहुंच रहे हैं, जबकि संपन्न परिवार के लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल पुरुष और महिला अस्पताल के वार्ड भी सर्दी के मौसम में मरीजों से भरे पड़े हैं। जबकि हर साल इस मौसम में वार्ड खाली हो जाते हैं, यह पहला मौसम है जब मरीजों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है, मरीजों के साथ तीमारदार भी परेशान हैं।

> आज कल सुबह शाम तेज सर्दी और दोपहर में जोरदार धूप निकलने से सर्दी गर्मी के चलते उल्टी दस्त, सिर दर्द, बुखार और सर्दी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बदलते मौसम के चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लोगों को बदलते मौसम में अधिक केयर करने की जरूरत है, साथ ही शाम की समय हल्का और संतुलित ताजा भोजन लेने की आवश्यकता है, इसके साथ सुबह शाम सर्दी को देखते हुए गर्म कपड़े पहनकर घरों से निकलना चाहिए। खासकर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।
>
> – डॉ. गुलशेर फिजीशियन

मूंगा लाल ने तहसील के लिए कर दी करोड़ों रुपये की भूमि दान: अनुरागी

संवाददाता,कुलपहाड़ महोबा

मूर्ति पर माल्यार्पण करते नागरिक। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजवादी नेता स्वर्गीय मूंगालाल यादव की मूर्ति व पार्क का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने किया। नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व मुलायम सिंह यादव के सहयोगी रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य मूंगालाल यादव की स्मृति में नगर पंचायत द्वारा निर्मित पार्क एवं उनकी मूर्ति का अनावरण जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुलपहाड़ तहसील कैंपस के लिए करोड़ों रुपये की जमीन उन्होंने दान कर तहसील की स्थापना कराई। साथ ही नगर से निकले नाले में कई पुल उनके द्वारा बनवाये गए। उन्होंने नगर में शिक्षा के लिए जनतंत्र इंटर कॉलेज की स्थापना में बहुत बड़ा योगदान दिया। नगर की विकास के लिए उनके द्वारा किया गया अभूतपूर्व सहयोग हमेशा याद रहेगा इस अवसर पर श्रीप्रकाश अरजरिया, श्याम किशोर एडवोकेट, पूर्व चैयरमेन गोपी बाबू अनुरागी, पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन शिवराम राजपूत, सगीर पहलवान, शिक्षक शीतल प्रसाद, पूर्व प्रवक्ता राधेलाल यादव, फेरन सिंह एडवोकेट सहित तमाम लोगों ने उनके जीवन व कार्यशैली पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रिजवान आलम खान ने किया। प्रतीक यादव, सन्नी यादव, मानवेंद्र सिंह, अरविंद नायक, बलबीर सिंह, अमित प्रताप सिंह राजा, रणविजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

- **पुण्यतिथि पर किया गया मूर्ति और पार्क का अनावरण**

हेलो डॉक्टर
बच्चों के स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
मौसम में बदलाव के कारण बच्चों में बुखार, खासी जुखाम, सांस फूलना, शरीर में दर्द, पेट में दर्द, उल्टी, जी मिचलाना, दस्त लगना, भूख न लगना और पैर में दर्द जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के शिशु रोग विभाग के सीनियर रेसिडेंट डा0 राहुल चतुर्वेदी से करें सवाल।

दिनांक 29 फरवरी दिन गुरुवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

एक नजर

ग्राम प्रधान ने सचिव के स्थानांतरण की मांग उठाई

मौदहा(हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम सिजवाही की ग्राम प्रधान कुंता देवी ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन देकर सचिव के स्थानांतरण कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात सचिव विकास कार्यों में कोई रुचि नहीं रखते हैं। साथ ही सत्ता विरोधी बयानबाजी कर लोगों को भड़काने का काम करते हैं। इससे गांव का विकास बाधित हो रहा है। ग्राम प्रधान ने सचिव के स्थानांतरण दूसरी ग्राम पंचायत में कराए जाने की मांग की है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए घरेलू हिंसा पर प्रहार

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बा के बेरी तिराहे पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं के घरेलू हिंसा के रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कस्बा के बेरी तिराहे में बुधवार को यूपी 112 द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया गया। नाटक में आए कलाकारों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा और उनके साथ होने वाले अत्याचार के प्रति जागरूक किया। बताया कि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं यूपी 112 डायल कर मदद लें।

पीएम रोजगार सृजन ऋण तत्काल दें: सीडीओ

हमीरपुर। ऋण योजनाओं को प्रभावी गति देने के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए। जो पात्र हैं उनकों ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्वरोजगार संबंधी अन्य योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें।

बाइक हुई चोरी

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के उरई रोड पर स्थित एक विवाह घर के गेट पर खड़ी एक बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

मुस्करा थाने के पहाड़ी भिटारी गांव निवासी प्रमोद कुमार पुत्र चंद्र प्रकाश ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारों की शादी समारोह में शामिल होने के लिए राठ कस्बे के उरई रोड पर स्थित एक विवाह घर में आया था। उसने अपनी बाइक को विवाह घर के गेट पर खड़ा कर दिया था। जब वह काफी देर बाद वापस बाइक के पास पहुंचा तो गायब थी।

अब लाभार्थियों को नहीं लगाना पड़ता चक्कर

छोटी बाजार में विकसित भारत संकल्प यात्रा, राज्यसभा सदस्य बाबू राम निषाद ने किया संबोधित

संवाददाता, सुमेरपुर

अमृत विचार। कस्बे की छोटी बाजार मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने की अपील की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को कस्बे के छोटी बाजार मैदान में नगर पंचायत ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके दरवाजे आई है। पहले की सरकारों में लाभ लेने के लिए लोगों को विभागों के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब लोगों को लाभ देने के लिए अधिकारी चलकर उनके दरवाजे आ रहे हैं। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को लाभान्वित होने का आह्वान किया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह सांसद प्रभारी अशोक तिवारी, अरुण कुमार, मुकेश पालीवाल, सिद्धार्थ सिंह, मुनीर खान, संतराम गुप्ता, अमित सिंह, करन साहू, दिगपाल सिंह चंदेल, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। ईओ कुलकमल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शपथ दिलाते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत।

योजनाओं के बारे में दी जानकारी

मौदहा (हमीरपुर)। विकसित भारत संकल्प यात्रा फेज-2 कार्यक्रम, नगर के मीरा तालाब प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर लाभ लेने को प्रेरित किया। बुधवार को कस्बे मीरा तालाब प्रांगण में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का नगर पालिका द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के मकसद से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अलग-अलग विभागों ने स्टाल लगाकर लोगों को योजना संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत (मन्नू कोरी) एवं राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ईओ ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद, ब्लाक प्रमुख लालाराम निषाद, अपर जिलाधिकारी नागेन्द्र नाथ, अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे, चेयरमैन रज़ा मुहम्मद, जेई तोताराम आदि उपस्थित रहे।

युवाओं को दिलाया मोदी सरकार बनाने का संकल्प

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के लिए किया युवाओं को प्रेरित

अमृत विचार। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने धमना गांव में युवा चौपाल कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए गए। इसके अलावा ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। युवाओं को जोड़ते हुए इस बार 2024 में फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प दिलाया गया। युवाओं को मिस्ड कॉल कराकर जोड़ा गया।

बुधवार को धमना गांव में आयोजित युवा चौपाल कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रवासी भाजपा युवा मोर्चो के जिला महामंत्री राजीव आर्य उर्फ रज्जू ने कहा कि युवा चौपाल कार्यक्रम मंडल स्तर पर 20 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ.अम्बेश कुमारी ने ग्रामीणों को मोदी सरकार एवं योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के लिए हम सभी लोग समर्पित होकर भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाएं।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रकाश राजपूत, पूर्व प्रधान रामसिंह राजपूत, नवल राजपूत, योगेंद्र राजपूत, शिवांशु राजपूत, विकास, विक्रम सिंह, महिपाल, अजय, धीर सिंह, श्यामसुंदर, रामकेश, प्रमोद सिंह, जय सिंह, मोहनलाल आदि रहे। संचालन जिला महामंत्री राजीव आर्य ने किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा संगीत द्विवेदी ने लाभार्थियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

डीसीएम ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। अनियंत्रित ट्रक ने कस्बे की मुख्य सड़क पर उत्पात मचाते हुए कई लोगों को टक्कर मारी। इसके बाद पेड़ से टकराते हुए उसे तोड़कर घर में जा घुसा। इसमें एक महिला सहित तीन लोगों को गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं ट्रक का चालक पुलिस हिरासत से छूट कर फरार हो गया।

मंगलवार देर शाम एक डीसीएम ट्रक सीमेंट उतारकर रेलवे स्टेशन की ओर से बड़े चौराहे की ओर जा रहा था। चालक की लापरवाही से उपरौस के निकट कुछ लोगों को बचा दिया। लेकिन मलीकुआं चौराहे तक आते आते रागौल निवासी जिमिया (65) पत्नी बरकत उल्लाह और बाबू (22) पुत्र बरकत उल्ला को टक्कर मार कर आगे बढ़ते हुए पुराने एचडीएफसी बैंक के निकट सिजवहिया निवासी शाकिर (20) पुत्र आबिद को बुरी तरह से कुचलने के बाद पेड़ तोड़कर एक घर में घुस गया। मौके पर एकत्र लोगों ने चालक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया, लेकिन सरकारी अस्पताल पहुंचते ही चालक पुलिस की गाड़ी से कूदकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से तीनों घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस के हाथ से चालक का छूटकर भागना भी पुलिस की नाकामी पर सवाल खड़े कर रहा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए कस्बे में हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर जाम की स्थित बनी रही। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने भारी पुलिस बल के साथ अस्पताल और घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। घायलों को सही उपचार का भरोसा दिलाया।

पेड़ से टकराया खड़ा डीसीएम ट्रक। अमृत विचार

- पुलिस की कार से कूद कर भागा आरोपी चालक

बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग हुए घायल

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के जलालपुर मार्ग पर एक बाइक ने दूसरी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जलालपुर थाने के लोधीपुरा गांव निवासी दीपक पुत्र चंद्रपाल, रामजीवन व रामनरेश अपने गांव लोधीपुरा से राठ आ रहे थे। तभी रास्ते में राठ जलालपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार आ रही बाइक सवार युवक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दीपक, रामजीवन व रामनरेश सड़क पर गिरकर घायल हो गये।

सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग हुए घायल

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। बीती रात कस्बे के मुंडेरा मार्ग में भौनिया मोड़ के पास बाइक एवं साइकिल में टक्कर हो जाने से चार लोग घायल हो गए। दूसरी घटना रात में नेशनल हाईवे 34 में फैक्ट्री एरिया के समीप हुई। इस घटना में तेज रफ्तार डंपर आगे जा रहे डंपर से टकराकर चकनाचूर हो गया। इसमें चालक एवं हेल्पर को मामूली चोटें लगी। तीसरी घटना बुधवार को सुबह 11 बजे हाईवे में गायत्री तपोभूमि पुल पर हुई। पुत्र की शादी के कार्ड बांटने जा रहे अधेड़ को अज्ञात ट्रक टक्कर मार दिया। घायल को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया।

मंगलवार को रात करीब 8 बजे मुण्डेरा मार्ग में भौनिया मोड़ के पास बाइक सवार और साइकिल सवारों के मध्य टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार गंगा प्रसाद पौथिया, अरविंद चंदौखी तथा साइकिल सवार मुन्नीलाल, अनिल कुमार निवासी भौनिया घायल हो गए। सभी को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना हाईवे में फैक्ट्री एरिया के समीप हुई कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा डम्पर आगे जा रहे डम्फर से भिड़ गया। इस घटना में चालक विनोद कुमार हेल्पर प्रदीप कुमार मामूली रूप से चुटहिल हो गए।

तीसरी घटना बुधवार को सुबह 11 बजे हाईवे में तपोभूमि पुल के ऊपर हुई। कस्बा निवासी विजयपाल बाइक से पुत्र की शादी के कार्ड बांटने मौदहा जा रहा था। पुल के ऊपर इसको अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना विजयपाल के हाथ पैर टूट गए हैं। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया है। जहां उपचार हो रहा है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

सरीला(हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के सरीला छिबौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमे बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को उरई रेफर किया गया है।

क्षेत्र के इंदरपुरा गांव निवासी लक्ष्मी (30) पुत्र रघुराज सिंह, सन्दीप कुमार (24) पुत्र रविंद्र कुमार व मोहित (23) पुत्र इंद्र कुमार कस्बे से बाइक द्वारा बुधवार शाम को अपने घर जा रहे थे। तभी छिबौली मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और मौके से भाग गया है। घटना में सन्दीप व मोहित घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस चालक संदीप व ईएमटी सूर्यपाल ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

मौदहा(हमीरपुर)। कस्बा से बाइक से वापस गांव लौट रहे वृद्ध को राजमार्ग 34 में एक बेकाबू डंपर ने कुचल दिया है। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद राजमार्ग पर जाम लगने से वाहनों की लंबी लाइनें लग रही हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बलराम कुशवाहा।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मकरांव निवासी बलराम कुशवाहा (60) पुत्र रामसेवक बुधवार की दोपहर कस्बा से अपना कामकाज निपटाकर बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था। तभी राजमार्ग में स्थित बीएसएनएल टावर के नजदीक पीछे से आ रहे बेकाबू डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया और उसे कुचलता हुआ निकल गया। जिससे बलराम की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है।

आरोपी डंपर चालक मौके से भाग निकला है। घटना को देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को सड़क से हटवा राजमार्ग में वाहनों का आवागमन शुरू कराया है।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बलराम कुशवाहा अपने पीछे पांच पुत्रियां व तीन पुत्रों को बिलखता छोड़ गया है।

घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

अवैध शराब के साथ किया गिरफ्तार

सरीला(हमीरपुर)। चिकासी थाना पुलिस ने क्षेत्र के बरगढ़ नहर पुलिया के पास से 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ राम कुमार निवासी जिगनी को व मंगरौठ मोड़ से 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ चन्दू खां निवासी फरसौलियाना कस्बा को राठ एवं चुरहा गांव के पास से 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ संजय अहिरवार निवासी कांशीराम कालौनी दिवानपुरा कस्बा राठ को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। उधर जरिया थाना पुलिस ने क्षेत्र के छिबौली रोड नहर के पास छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के आरोपी प्रांशु निवासी परछा को गिरफ्तार किया है।

अवैध खनन व डीजे पर लगाएं रोक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बा सहित क्षेत्र में आए दिन होने वाले सड़क हादसों और बोर्ड परीक्षाओं में जगह- जगह चल रहे कार्यक्रमों के कारण तेज ध्वनि उत्पन्न होने से रोकने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नगर मंत्री के नेतृत्व में युवाओं ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

एबीवीपी के नगर मंत्री आयुष निगम के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने उपजिलाधिकारी राजेश चंद्र को सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही बालू खदानों के कारण कस्बे सहित क्षेत्र में दिन रात ट्रकों की आवाजाही रहती है। इससे आए दिन सड़क हादसे होते हैं। जिनमें मासूमों और निर्दोषों की जान जाती है। साथ ही इस समय यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और कस्बे में कई स्थानों पर कार्यक्रम भी चल रहे हैं। जिनमें देररात तक तेज आवाज में डीजे और लाउडस्पीकर बजाए जाते हैं।

इनसे परीक्षार्थियों को परेशानी होती है। इसलिए अवैध खनन और साउंड सिस्टम को रोकने की जरूरत है। इस मौके पर निर्भय प्रताप, अंकित चंदेल, अक्षय गहोई, नागेंद्र प्रताप, आयुष निगम, नवनीत चौहान, आशीष गोस्वामी, अंश सोनी, आर्यन गुप्ता, रिशान, राधे, सोनू, आजाद, प्रिंस, श्रेयांश, आंसू, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मौदहा एसडीएम को ज्ञापन देते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

नो इंट्री लगाने की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मौदहा (हमीरपुर)। बीते कुछ दिनों से कस्बे में भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है उन्हें रोकने के लिए कस्बे में नो एंट्री लगाने की मांग शुरू हो गई है। हिंदुस्तान उद्योग व्यापार मंडल के बुंदेलखंड प्रभारी डा .मुबीन खान के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों ने राज्यपाल को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जिसमें बीते कुछ समय से कस्बे में भारी वाहनों द्वारा होने वाली दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। जिसे रोकने के लिए सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक कस्बे में भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने की मांग की गई है। इस दौरान अब्दुल गनी, गुफरान खान, भूपेंद्र कुमार, बाबू रहे।

उपलब्धि | जिला विज्ञान क्लब की ओर से कराई गई नवप्रवर्तन प्रदर्शनी

कृषि यंत्र थ्री इन वन में रमाकांत को प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र द्वारा प्रायोजित जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में नवप्रवर्तन जन जागरुकता का आयोजन किया।

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 पर जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी लगाई गई। जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी में कृषि यंत्र थ्री इन वन का नवाचार करने वाले रमाकांत को आठ हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। शेखूपुर के केशव प्रसाद मिश्र को औषधि प्रबंधन पर पांच हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। रामबाबू गुप्ता को पर्यावरण संरक्षण प्रबंधन पर तीन हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं धीरेंद्र सिंह को मशरूम उत्पादन, सुख रानी को जैविक उत्पाद में, अरविंद को अमरूद उत्पादन में, रेनू गुप्ता को सोया बड़ी रेवाड़ी में, नीलम सिंह को समूह उत्पाद दलिया, पापड़, बेसन में प्रत्येक को रुपये दो हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित निर्णायक एवं सम्मानित अतिथि डॉ.इंद्रेश गौतम कृषि रक्षा अधिकारी ने नव प्रवर्तकों के नवाचारों का अवलोकन करते हुए उनके कार्यों की तारीफ की। कहा यही नवाचार आगे भविष्य में बहुत बड़ा अनुसंधान बनेंगे। जनपद जालौन से आए जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ.विनय गुप्ता ने नव प्रवर्तकों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भविष्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उप्र के द्वारा इनोवेशन सेल व इनोवेशन होने पर पेटेंट की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक विष्णु प्रिया ने महिलाओं को प्रोत्साहित कर उनके नवाचारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.नितिन यादव ने नव प्रवर्तकों के कार्यों को परिश्रम पूर्ण कार्य बताया। अंत में जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके द्विवेदी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में एनआरएलएम की दया तिवारी, शिक्षक अखिलेश शुक्ला अरुण भदौरिया लाल सिंह यादव डॉ.कृतिका सिंह, नीलम प्रजापति, किसान यूनियन के संतोष सिंह, रामदास सविता, प्रगतिशील कृषक सतीश पालीवाल आदि उपस्थित रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की आकांक्षा, अंशिका, शानवी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

रमाकांत को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

तिरही टीम ने जालौन को हराया

कुरारा (हमीरपुर)। झुमरी तलैया तालाब में कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में तिरही टीम ने प्रधान इलेवन जालौन टीम को 14 रन से हराकर जीत दर्ज की। तिरही कालपी व प्रधान इलेवन जालौन टीम के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। इसमें तिरही कालपी टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें मनीष ने 96 रन व सोनू सिक्सर ने 26 रन बनाए। वहीं जवाब में उतरी प्रधान इलेवन जालौन टीम 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी और हार का मुंह देखना पड़ा। इस तरह तिरही कालपी टीम ने 14 रनों से जीत दर्ज कर ली। वहीं दूसरी पारी मे कदौरा व झलोखर टीम के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। कदौरा टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 156 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज दिलीप ने शानदार पारी खेलते हुए 58 रन बनाए व एक विकेट लिया।

सपा कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपती राजपूत चंद्रवती वर्मा, सुरेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार

कार्यकर्ताओं को मनोनयन पत्र दिया

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर राजपूत चंद्रवती वर्मा के आवास पर कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इसमें अनीस अहमद को जिला सचिव बनाया गया। इसके अलावा स्वतंत्र कुशवाहा को राठ नगर प्रभारी, प्रवीण पांचाल को ब्लाक सचिव बनाया गया। नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान राजपूत चंद्रवती वर्मा ने कहा कि पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर मतदान करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी कछवा ने कहा कि ढोंगी, पाखंडी, सरकार हमें पांच किलो अनाज देकर जिस्म को नहीं बल्कि बहुसंख्यक गरीबों के दिमाग को अपाहिज बना रही है। कहा कि हमें सोच विचार करने की जरूरत है। डॉ.कमलेश राजपूत ने कहा कि ये शिक्षा के जहाज को डुबोना चाहते हैं। कहा हमारे बच्चों को स्कूल महाविद्यालयों बंद करवाकर उन्हें रैलियों में ले जा रहे हैं। विधानसभा सचिव मोतीलाल यादव ने कहा कि हम जी जान से पार्टी के प्रति समर्पित रहेंगें और घमंडी सरकार के हटाकर संविधान व लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। इस दौरान अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पात्रों को उपलब्ध कराएं योजनाओं का लाभ: मंत्री

प्रभारी मंत्री ने मनोहर लाल पंत ने विकास कार्यों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शासन के प्राथमिकता बिंदु ,कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक प्रभारी एवं श्रम एवं सेवायोजन विभाग मंत्री मनोहर लाल पंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में हुई। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप कार्य करने व कार्यों में लापरवाही न बरतने के लिए निर्देशित किया।

प्रभारी मंत्री कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। तहसील, ब्लाक, थाने स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उनका जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें, किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। कहा कि दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों का संबंधित किसानों को समय से क्लेम दिलाया जाए। श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता रहे।

कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री। अमृत विचार

- शासन की मंशा अनुसार कार्य करने व कार्यों में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए

बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अन्ना गोवंश संरक्षण, मिशन कायाकल्प, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पोषाहार वितरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, छात्रवृत्ति वितरण, पेंशन योजना, रोजगार मेला, श्रमिकों का पंजीयन, मनरेगा आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, अशोक तिवारी, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, डीएम राहुल पाण्डेय, एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा, सीडीओ चन्द्रशेखर शुक्ला, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी रहे।

पाइप डालने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

राठ (हमीरपुर)। ममना गांव निवासी तिजवा पुत्र भवानीदीन पाल ने बताया कि उसके घर के सामने रास्ते में जमा हो रहे पानी को निकालने के लिए अपनी पत्नी और पुत्रों के साथ मिलकर पाइप डाल रहा था। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले उदयराज, पप्पू, जगदीश, मज्जू, संजू, करिया और टंटू उसके पास आए और पाइप डालने को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर उसे मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट होती देखकर जब उसकी पत्नी सुनीता के अलावा पुत्र मुकेश और सुरेश उसे बचाने के लिए दौड़े तो उन्हें भी पीटा। थानाध्यक्ष ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने साइबर थाना का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में साइबर क्राइम थाना स्थापित किया गया है। बुधवार को प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। साइबर थाना बनने से लोगों के साथ होने वाले साइबर अपराधों में कमी आएगी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में साइबर थाना की स्थापना की गई है। जिसका शुभारंभ प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू ने किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम थाना खुलने से आम जनता को होने वाले साइबर अपराधों पर मदद मिलेगी। बताया कि प्रदेश के अन्य जनपदों में स्थापित साइबर क्राइम थाना व पुलिस भवनों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा साइबर क्राइम के रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनपद में स्थापित साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आम जनमानस को साइबर संबंधी अपराधों के नियंत्रण करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल व अन्य सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी मंत्री मनोहर लाल।

- साइबर थाना बनने से लोगों के साथ होने वाले साइबर अपराधों का हो सकेगा खुलासा

पति पर मारपीट का आरोप

राठ। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी एक महिला ने पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है।

दीक्षा ने बताया कि उसका पति शिवम आए दिन उसे मारपीट करता है। बीते दो वर्ष पूर्व उसके माता - पिता का देहांत हो गया था। इसके बाद वह अपने मायके में पुत्र और छोटे भाई के साथ रहने लगी थी। उसका पति शिवम भी उसके साथ उसके मायके में ही रहने लगा था। उसका पति मारपीट कर घर में रखा उसका ई रिक्शा, बाइक और 20 हजार रुपये ले गया है। बताया कि उसने राठ कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस का कहना था कि मामले की जांच की जा रही है।

कुल की फातिहा के साथ उर्स सम्पन्न

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताजुद्दीन बाबा रह.के उर्स के अंतिम दिन कुल की फातहा में अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उर्स में मंगलवार को चादरपोशी के बाद लंगर खिलाया गया। वहीं देर रात मजार पर शानदार कव्वालियों का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों ने शानदार कलामों से महफिल में चार चांद लगा दिए। जिसमें प्रसिद्ध कव्वाल असलम निजामी, मुईन निजामी सहित क्षेत्रीय कव्वालों ने कव्वालियां सुनाईं। बुधवार को आस्ताने में कुल शरीफ की बड़ी फातिहा का आयोजन किया गया। इसमें अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। फातिहा के बाद लंगर खिलाया गया। इस दौरान उर्स कमेटी के सद्दाम चौधरी, मजहर हुसैन, नूरुद्दीन, दादू भाई, इनाम शाहिद, शहादुद्दीन सहित मोहल्ले की जूनियर कमेटी का भरपूर योगदान रहा। कुल की फातिहा के साथ उर्स का समापन हुआ।

खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक भी किया।

दौड़ में सुरेश प्रथम और प्रभात दूसरे नंबर पर रहे

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र के रिठारी गांव में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। बुधवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान चंद्रेश सिंह गौर ने किया। जिसमें दौड़ प्रतियोगिता में सुरेश कुमार प्रथम स्थान पर रहे। साथ ही प्रभात सैनी दूसरे व अगम द्विवेदी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में झलोखर की टीम विजेता रही। वहीं रिठारी की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल में झलोखर की टीम विजेता व जखेला की टीम उपविजेता रही। खेलकूद में अव्वल रही टीमों के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सुभाष कुशवाहा व आशीष चक्रवर्ती आयोजक रहे। इस मौके पर गयादीन यादव, राजू सिंह, भोला कुशवाहा, बशीर आदि लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन कराया।

पाटी से पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप थाना तिन्दवारी क्षेत्र के धौंसड़ में वर्ष 2019 में अपनी पत्नी चारपाई की पाटी से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को उम्रकैद व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया।

ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अपराधों में अभियुक्तों को प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के क्रम में बुधवार को हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्त अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक कुमार पटेल पुत्र वरदानी सिंह निवासी ग्राम धौंसड़ थाना तिन्दवारी ने 15 जुलाई 2019 को पत्नी सरला की चारपाई की पाटी से मारकर हत्या कर दी थी। सरला के भाई आलोक सिंह पुत्र रामबहादुर की तहरीर पर थाना तिन्दवारी में धारा 302 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह द्वारा सम्पादित करते हुए साक्ष्यों का प्रभावी संकलन कर न्यायालय में 4 दिसंबर 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लोक अभियोजक देवदत्त मिश्र की प्रभावी पैरवी एवं कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल शान्ति देवी व पैरोकार कांस्टेबल रोहित के अथक प्रयासों से अभियुक्त अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक कुमार पटेल को न्यायालय एडीजे पंचम गैंगस्टर एक्ट द्वारा उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

जल सत्याग्रह के साथ चुनाव बहिष्कार का बिगुल फूंका

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। क्षेत्र में जहां चार सौ मीटर सड़क के लिए युवाओं को अनशन और जल सत्याग्रह करना पड़ रहा हो तो वहीं दूसरे ओर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री क्षेत्र में ही सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए नहीं थक रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमना किशनपुर की जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर तीसरे दिन भी अनशन पर रहे और तीसरे दिन अनशन स्थल के बगल में स्थित तालाब में दर्जनों युवाओं ने जल सत्याग्रह किया साथ ही चुनाव बहिष्कार करने की घोषणा कर दी।

हालांकि अनशन के तीसरे दिन भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अनशनकारियों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा जबकि पडोस के गांव में ही उत्तर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंत उर्फ मन्नू कोरी सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए नहीं थक रहे थे। इस दौरान चंद्रभान पाल, लाखन यादव, रामविलास वर्मा, शंकर पाल, अच्छेलाल पाल, मधुरा वर्मा, दिनेश अनुरागी, शिवरतन अनुरागी, जयराम पाल, मंगल सिंह पाल, अनिल वर्मा, बिरेंद पाल, मैकू ठेकेदार चुनुबाद, बलवान यादव, राजकुमार, कंधी यादव आदि मौजूद रहे।

अनशनकारियों द्वारा किया जा रहा जल सत्याग्रह। अमृत विचार

- चार सौ मीटर सड़क के लिए युवाओं का जारी है प्रदर्शन

वरासत दर्ज नहीं होने से किसानों के आश्रितों का मुआवजा फंसा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। सुमेरपुर कस्बे में चकबंदी प्रक्रिया न होने व वरासत में रोक लगने के कारण कस्बे के सैकड़ों किसानों के के आश्रित परेशान हैं। मृत किसानों के आश्रितों के नाम अभी भूमि दर्ज नहीं हो सकी है। ऐसे में उन्हें मुआवजा व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। बुधवार को पूर्व सभासद शिवाकांत तिवारी, नईम अख्तर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वरासत दर्ज कराकर ओलावृष्टि में हुई क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

सुमेरपुर कस्बे के चकबंदी प्रक्रिया अपूर्ण होने तथा वरासत में रोक लगाने के बाद कस्बे के सैकड़ों मृत किसानों के वारिसान सरकारी मदद पाने से वंचित हो जाते हैं। बुधवार को इमिलिया मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद शिवाकांत तिवारी, किसान अशोक सिंह, विनोद सिंह, नईम अख्तर, अजयपाल सोनकर, विजयपाल सोनकर, संतोष चक्रवर्ती आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। मगर राजस्व विभाग की लापरवाही से अभी तक पांच छह सालों से वरासत न होने से उनके नाम दर्ज नहीं हो सके हैं। हालांकि वह सिर्फ अपने खेतों में कृषि कार्य कर रहे हैं। पिछले दिनों ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश होने के कारण पूरी फसल चौपट हो गई हैं। उनके खाने के अब लाले पड़ गए हैं। सरकार अगर मुआवाजा भी दे रही है तो यहां पर वरासत दर्ज न होने के कारण लाभ कैसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल है। कृषि भूमि अभी भी मृतकों के नाम ही दर्ज है तो ऐसे किसानों के लिए शासन द्वारा कोई विशेष आदेश से ही मृतक किसानों के वारिसों को मुआवाजा मिल सकता है। ऐसे ही वरासत न होने से किसान सम्मान निधि के अलावा अन्य किसी तरह की सरकारी सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है। किसानों ने वरासत दर्ज कराने की मांग की।

डीएम को ज्ञापन देने जाते सुमेरपुर के किसान। अमृत विचार

- कस्बे के सैकड़ों मृतक किसानों के नाम अभी भी दर्ज है खेती

डॉ.पीपी पुरवार बने प्राचार्य

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

अमृत विचार : अतर्रा महाविद्यालय के प्रबंधक की कृपा पर तीन माह के लिए प्राचार्य पद पर आसीन हुए शिक्षक डॉक्टर एसी मिश्रा के मंगलवार के दिन प्राचार्य पद से मुक्त किए जाने के बाद महाविद्यालय की वरिष्ठतम क्रम के शिक्षक डॉ पीपी पुरवार को प्रबंधक ने प्राचार्य बनाया है।

उल्लेखनीय है कि अतर्रा महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.योगेंद्र सिंह ने अक्टूबर माह 2023 में महाविद्यालय के ही डॉक्टर एसी मिश्रा को अपने अधिकार के तहत तीन माह के लिए प्राचार्य बनाया था, जिसकी अवधि पूर्ण होने पर महाविद्यालय के ही वरिष्ठ शिक्षक डॉ.पीपी पुरवार को नया प्राचार्य बनाया गया है। प्राचार्य पद पर आसीन होने पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने खुशी जाहिर करते हुए नये प्राचार्य का स्वागत किया।

इस मौके पर डॉ.पीके विश्वकर्मा, डॉक्टर सतीश श्रीवास्तव, भूपेंद्र भदौरिया, शारदा यादव, वैभव राज सिंह, मुन्ना यादव, अंबिका कुशवाहा, राजू सोनकर, छोटेलाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

नये प्राचार्य का स्वागत करते शिक्षकगण। अमृत विचार

नवागंतुक पुलिस उपाधीक्षक ने ग्रहण किया कार्यभार

अतर्रा। नवागंतुक पुलिस उपाधीक्षक ने क्षेत्र की कमान संभालने के तत्काल बाद फरियाद लेकर आए लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों को शीघ्र समस्याओं के निराकरण कराए जाने का भरोसा दिलाया। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को त्वरित न्याय देने का काम किया जाएगा।

राजीव प्रताप सिंह।

यहां तैनात रहे क्षेत्राधिकार जियाउद्दीन हसन के स्थानांतरण के बाद नवागंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने बुधवार को क्षेत्र की कमान संभाल ली। कार्यभार ग्रहण करने के बाद शिकायतें लेकर आए लोगों की समस्याएं सुनीं और निराकरण का भरोसा दिलाया। कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी भी दशा में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। कस्बे में ओवरलोड सहित यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि क्षेत्राधिकार जियाउद्दीन हसन के स्थानांतरण के बाद क्षेत्राधिकारी गवेंद्र सिंह पाल को अतर्रा क्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दो जगह का कार्यभार होने की वजह से वह अतर्रा में समय पूरी तरह नहीं दे पा रहे थे।

स्वतंत्र अध्यक्ष और अंजलि वर्मा बनीं मंत्री

राठ (हमीरपुर)। विद्यार्थी परिषद की महाविद्यालय कॉलेज इकाई का नवीन दायित्व की स्वामी ब्रह्मानंद प्रेरणा स्थल पर घोषणा की गई। इस दौरान कॉलेज इकाई अध्यक्ष स्वतंत्र राजपूत को बनाया गया। कॉलेज मंत्री अंजलि वर्मा, उपाध्यक्ष मयंक, अभि, महेंद्र, सह मंत्री स्नेहा, अखिल, नरेंद्र, नगर सह मंत्री रत्नेश, प्रशांत, अभिजीत, विनय राष्ट्रीय कला मंच संयोजक शिवानी को बनाया गया। संजीव, असवेंद्र, अरुण, आकाश, मयंक, आनन्द, रिषभ, कौशल, हिमांशु, प्रिन्स, शिवम, निखिल रामसिंह, अमित, रौशन, अजय, हर्षित, नीरज समेत एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्रहमानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुरेंद्र सिंह, डॉ.राकेश शर्मा रहे।

तैयारी | जिले में गेहूं खरीद के लिए संचालित किए गए 61 क्रय केंद्र

एक मार्च से होगी गेहूं की सरकारी खरीद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। रवी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं एक मार्च से की जाएगी। जो 15 जून तक होगी। शासन ने गतवर्ष के गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 प्रति क्विंटल में 150 की वृद्धि की गई है। जिसके चलते किसानों से 2275 प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा जाएगा।

अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे)/जिला खरीद अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि एक मार्च से गेहूं खरीद प्रारम्भ होगी। जनपद में कुल 61 सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों में गेहूं खरीद प्रारंभ होगी। शासन ने गेहूं खरीद में 100 क्विंटल तक सत्यापन की बाध्यता को भी खत्म कर दिया गया है। गेहूं बिकी के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण किसी भी जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा तथा यूपी किसान मित्र मोबाइल ऐप से भी किया जा सकता है। धान खरीद वर्ष 2023-24 में किए गए पंजीकरण को गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 में प्रयुक्त किया जा सकता है। कृषकों द्वारा पंजीकरण के समय अपना आधार नम्बर दर्ज करने पर धान खरीद वर्ष 2023-24 में दर्ज किए गए विवरण को गेहूं खरीद के पंजीकरण के लिए उपलब्ध कराया गया है। कृषकों द्वारा इस पंजीकरण में संशोधन करने का भी विकल्प उपलब्ध है। यदि कृषक संशोधन नहीं करना चाहता है तो पंजीकरण लॉक कर सकेंगे। कृषक द्वारा दर्ज किए गए मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्रेषित की जाएगी। इसके माध्यम से पंजीकरण लॉक होगा। "इस वर्ष किसानों के साथ-साथ बटाईदारों का भी गेहूं खरीदा जाएगा" तथा पोर्टल पर बटाईदारों से भी खरीद के पंजीकरण की व्यवस्था है। किसानों को पंजीकरण के लिए कम्प्यूटराईज्ड खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र, एवं आधारकार्ड लाना अनिवार्य होगा। किसान अपनी कम्प्यूटराईज्ड खतौनी का खाता संख्या किसान पंजीकरण में दर्ज कर अपने कुल रकबे को एवं बोए गए गेहूं के रकबे को अंकित करेंगे तथा अपनी हिस्सेदारी की सही-सही घोषणा पंजीकरण में करेगें। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ ले सकेंगे। किसान किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी (मो 8052272597) या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

चालक को पीटकर ई रिक्शा को लूटा

बांदा। ई रिक्शा चालको के साथ हो रही लूट की घटनाए थमने का नाम नही ले रही है। लूटकर फरार हो गए। शहर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव निवासी रामसेवक (40)पुत्र बडकूराम ई रिक्शा चलाता है। वह सोमवार की रात घर जा रहा था। तभी क्योटरा चौराहा के पास दो लोग त्रिवेणी चौराहा के लिए उसके रिक्शे में बैठ गए। त्रिवेणी चौराहा पहुंचे ही थे कि दो लोग बाइक से और आ गए। चारो लोगों ने रामसेवक को पकड़ कर उसके हाथ पैर बांध दिए। उसे बेल्टो से पीट कर बेदम कर दिया। उसकी जेब में पड़े एक हजार रूपए नगद ई रिक्शा लूट कर फरार हो गए। इतना ही नही उसके कपड़े भी उतराकर ले गए। किसी तरह रामसेवक बंधन खोल कर अपने भाई रामबरन के ढाबा पहुंच गया और आपबीती बताई।

सार-संक्षेप

डीजे लदे लोडर में तोड़फोड़ और मारपीट में चार पर रिपोर्ट

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बरुआ बिलौटा गांव में पिछले रविवार को बारातियों द्वारा डीजे पर गाने बजाने को लेकर गाली गलौज, मारपीट व लोडर में तोड़फोड़ करने पर चालक ने दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी अमित कुमार पुत्र फूल सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह पिछले रविवार को अपना डीजे लोडर में लाद कर बरुआ बिलौटा गांव गया था। वहां शादी समारोह में गाना बज रहा था, तभी बारातियों ने विवाद कर दिया। जिसमें सिकरोढ़ी गांव निवासी खुशीराम निषाद, कल्याण निषाद व उन्हीं के परिवार के दो अज्ञात लोग गाली गलौज करने लगे। जब मना किया तो मारपीट करने लगे। साथ ही डीजे बजा रहे सुरेंद्र व अमित के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इससे गंभीर चोट आई हैं। वहीं आरोपियों ने लाठी डंडों से लोडर में तोड़फोड़ कर पलट दिया। जिसमें उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित लोडर चालक की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किसानों के बैंक कर्ज को माफ करे सरकार

हमीरपुर। भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि देश को अन्न मुहैया कराने वाला किसान आज खुद ही भूखा और कर्ज में लदा हुआ है कभी सूखा, कभी बाढ़ तो कभी बैंक का कर्ज और सिंचाई के लिए आने वाला बिल। आज किसान अपने हक के लिए दर-दर भटक रहा है। उसके मुकद्दर की लकीरें हाथों से मिट गई हैं। लेकिन आज तक किसी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने ज्ञापन में किसानों का पिछला बिल माफ करने, किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य बैंकों के कर्जे को पूरी तरह से बिना किसी शर्त माफ करने, एमएसपी लागू करने सहित मांग सहित 12 सूत्री मांग शामिल है।

खराब फसलों को देखकर किसान को पड़ा दिल का दौरा, घर आकर मौत

बैंक का कर्ज, पत्नी के बीमार होने से भी परेशान चल रहा था किसान

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। ओला और बारिश से खराब फसल देखकर लौटे एक किसान को दिल का दौरा पड़ गया और मौत हो गई। घटना रेंडर थाना क्षेत्र के इंगुई गांव की है।

परिजनों के अनुसार रेंडर थाना क्षेत्र के इंगुई गांव निवासी महावीर शरण सिंह उर्फ कुलदीप 49 पुत्र ब्रजेन्द सिंह के पास 20 बीघा जमीन थी। वह खेत देखने गया जब लौटकर आया तो उसके दिल में दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। किसान ने खेतों पर मटर, सरसों, गेहूं की फसल बोई हुई थी, अचानक बेमौसम बारिश व ओले पड़ने से मटर, सरसों की फसल खराब हो जाने से किसान काफी चिंतित था। मौत की खबर सुनते ही गांव में सन्नाटा छा गया और परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया कि किसान पर बैंक का कर्ज था, किसान समय से जमा नहीं कर पा रहा था। बताया जाता है पत्नी का दो वर्ष से ईलाज चल रहा था। किसान के एक बेटा है।

कुलदीप।

ओलावृष्टि का आंकलन गांव से नहीं कर व्यक्तिगत करें- संजय कुमार

उरई (जालौन)। ओलावृष्टि और बारिश से खराब हुई फसलों का वास्तविक आंकलन करने के प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे 20 फरवरी, 27 फरवरी 2024 को हुई बारिश और ओलावृष्टि का आंकलन करें। उन्होंने कहा कि जनपद के बहुत से राजस्व गांव इससे प्रभावित हुए हैं। इस संदर्भ में आपके द्वारा प्रारम्भिक सूचना तथा क्षति का आंकलन भी उपलब्ध कराया गया है। लेखपालों, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार द्वारा बिना वास्तविक सर्वेक्षण किये सम्बन्धित राजस्व ग्रामों में कोई क्षति न होने की सूचना उपलब्ध करायी गयी है, जो कि अति गम्भीर है। आपदा प्रभावित

व्यक्तियों को समय एवं उचित राहत पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में असामयिक वर्षा व ओलावृष्टि से हुई क्षति का सही सर्वे सम्बन्धित राजस्व कर्मियों से समन्वय स्थापित करते हुए करवाया जाए। क्षति के आंकलन का आधार सम्पूर्ण ग्राम न होकर व्यक्तिगत कृषक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि किसी राजस्व ग्राम में 500 कृषकों में से मात्र 15 की फसलों की क्षति 33 प्रतिशत से अधिक है तो भी वह ग्राम ओलावृष्टि वर्षा से प्रभावित माना जायेगा तथा वह 15 कृषक राहत के पात्र होंगे। इसी प्रकार सामान्य पैदावार से ओलावृष्टि के कारण पैदावार में 33 प्रतिशत से अधिक कमी सम्भावित होने पर वह कृषक राहत के पात्र होंगे। समस्त लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार को क्षति के आंकलन के संदर्भ में स्पष्ट निर्देश देना सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में यह संज्ञानित होता है कि किसी राजस्व कर्मी की जानबूझकर अथवा लापरवाही के कारण ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसल की अनुदान धनराशि सम्बन्धित कृषक को प्राप्त नहीं होती है तो इसे अति गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित राजस्व कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा: कमलनाथ दास

संवाददाता. जालौन

अमृत विचार। श्रीराम का विरोध करने वाला राष्ट्र विरोधी है, अब समय आ गया है हिंदू राष्ट्र बने।

राष्ट्र की रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है। मथुरा और काशी भी हमारा होगा। यह बात अयोध्या धाम छोटी छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी कमलनाथदास महाराज ने नौ कुंडीय श्रीशनि यज्ञ की पूर्व संध्या पर कही। ग्राम गुड़ा नियामतपुर में शनि मंदिर पर कल 29 फरवरी से आयोजित होने वाले 9 कुंडी महायज्ञ की पूर्व संध्या पर अयोध्या धाम से आए संत कमलनाथ दास महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा करना हम सब का परम कर्तव्य है और हिंदू राष्ट्र बनकर ही रहेगा जो भी भगवान राम का विरोध करते हैं वह निश्चित रूप से राष्ट्र विरोधी हैं अब यह राष्ट्र विरोधियों का अंत होने का समय आ गया है अभी हमारी लड़ाई समाप्त नहीं हुई है अभी तो मथुरा और काशी भी हमारा होगा संविधान में पर पहुंचकर महाराज शनिदेव पर तेल फूल मलाई अर्पित की। इस मौके पर बनखंडी देवी कालपी के महंत जमुना दास जी महाराज, नाना साहब मंदिर के महान छविराम दास, महेश चंद्र द्विवेदी मौजूद थे।

कमलनाथ दास मजाराज दर्शन करते हुए।

- श्रीराम का विरोध करने वाला राष्ट्र विरोधी है

सार-संक्षेप

एडीजी ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

उरई (जालौन)। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर कानपुर जोन अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह एक दिवसीय दौरे पर उरई आए। यहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज रजा के साथ चुनाव कराने हेतु आने वाले पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने वाले स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस संबंध में सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने उरई क्षेत्र के अंतर्गत फोर्स के रुकने हेतु महाविद्यालय और गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया, जिसमें वहां मौजूद सभी व्यवस्थाओं को देखा। एडीजी ने पुलिस अधीक्षक से जिले में तैयारियों को लेकर वार्ता की, इसके बाद झांसी के लिए प्रस्थान कर गए। निरीक्षण के दौरान एसपी जालौन ईरज रजा, एएसपी असीम अरुण, सीओ सिटी गिरजाशंकर त्रिपाठी मौजूद रहे।

चुनाव व्यवस्था का जायजा लेते एडीजी आलोक सिंह।

अब ऑनलाइन ठगों पर लगेगा अंकुश, साइबर थाना शुरू

उरई (जालौन)। जालौन के मुख्यालय उरई में साइबर थाने का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक ईरज रजा ने बुधवार को किया। जिला चिकित्सालय गेट के बगल में स्थित पुलिस क्लब में इसे खोला गया है। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी आदि मौजूद थे। जनपद का यह पहला साइबर थाना है, इसके शुरू होने से ऑनलाइन ठगी के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। साइबर थाने का लोकार्पण करते हुए एसपी ने कहा कि थाना खुलने से ऑनलाइन ठगी की शिकायतों का निस्तारण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जनपद जालौन के जिला मुख्यालय उरई में पहले साइबर थाने का लोकार्पण किया जा रहा है, जिसमें ठगी का शिकार होने वाली आम जनता को राहत मिलेगी।

पुलिस ने चुनाव को लेकर नगर में की गश्त

माधौगढ़ जालौन। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश कुमार चौहान ने पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल गस्त के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश कुमार चौहान के द्वारा शराबी मनचालो को सख्त हिदायत देते हुए कहा की कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में या बिना काम के घूमते हुए नजर आया तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी ने सक्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मनसा के अनुरूप शांतिपूर्वक चुनाव कराए जाएंगे इसलिए अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अराजकता फैलता है तो उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बीडीओ ने प्रधान से की अभद्रता, धरना दिया

कालपी-जालौन। कीरतपुर प्रधान से बीडीओ द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। अपमान के बाद पीड़ित प्रधान वहीं धरने पर बैठ गए। बाद में महेवा विकास खंड के कर्मचारियों ने प्रधान को समझा बुझा कर शांत करवाया। जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कीरतपुर के प्रधान पवनदीप निषाद बुधवार को विकास कार्यों में आ रही धन की कमी की शिकायत करने ब्लाक गए थे। उन्होंने आफिस में जाकर खण्ड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा से अपनी बात कहने की कोशिश की तो वह आक्रोशित हो गए और प्रधान को बाहर निकल जाने कह दिया। आरोप है कि अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। इस हरकत से नाराज प्रधान आफिस में ही जमीन पर बैठकर विरोध प्रकट करने लगे। इस पर ब्लाक परिसर में हंगामा खड़ा हो गया। हालांकि मौके पर आए ब्लाक कर्मचारियों ने ग्राम प्रधान को समझा बुझाकर वहां से हटा दिया। पीडित ग्राम प्रधान ने खण्ड विकास अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह विकास कार्यों में कमीशन की मांग करते हैं और न देने पर तरह तरह से प्रताड़ित करते हैं। वहीं खण्ड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैंने किसी से अभद्रता नहीं की ।

मॉडल दुकानों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

कालपी(जालौन)। निर्माणाधीन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। जानकरी के अनुसार सरकारी उचित दर की दुकानों तक सरकारी खाद्यान्न सीधे ट्रक के माध्यम से पहुंचने के लिए मुख्य सड़क के किनारे मॉडल शॉप का निर्माण कराया जा रहा है। इस योजना के प्रथम चरण में जनपद 75 माडल शॉप तथा कालपी तहसील के 17 ग्रामों में ग्राम पंचायत के द्वारा मॉडल शॉप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन ने बताया कि सरकारी उचित दर की दुकान माडल शाप एवं जन सुविधा केंद्र निर्मल, स्मार्ट मॉडल शॉप का निरीक्षण करके सुंदरीकरण के कार्य को देखा। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कालपी तहसील के सभी 177 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। जिन मॉडल शॉप का निर्माण कर पूरा हो गया है उसका आगामी दिनों में शुरू कराया जायेगा। इसके बाद उसमें खाद्यान्न वितरण के दौरान लोगों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। पूर्ति निरीक्षक याकूब हसन ने कहा कि माडल शाप में उपभोक्ताओं को गांव स्तर में योजना उपलब्ध होने लगेगी।

पत्रक बांटते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

लाभार्थी संकल्प अभियान के तहत गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

कालपी जालौन। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के तत्वावधान में कालपी नगर के बूथ स्तर पर लाभार्थी संकल्प अभियान एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई। नगर के मोहल्ला तरीबुलदा बूथ में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरज बाथम ने बताया कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकारों द्वारा गरीबों, पिछड़ों तथा समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है। नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, अशोक वाजपेई, अरविंद राठौर मंयक श्रीवास वंदना गुप्ता, हेमंत साहू, कमल सोनी, अमित पांडेय, ऋषि चौहान, राम सिंह सलोनिया आदि मौजूद थे।

एंबुलेंस स्टाफ को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। अमृत विचार

संवाददाता. कालपी जालौन,

अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में आयोजित क्लस्टर ट्रेनिंग द्वारा प्रशिक्षित किए जा रहे एंबुलेंस चालकों का प्रशिक्षण चल रहा है, लखनऊ से आए प्रशिक्षक रामकिशन व आशीष कुमार द्वारा उनको एंबुलेंस के रखरखाव के बारे में बताया जा रहा है। मुख्य अतिथि एआरटीओ जालौन राजेश कुमार ने सड़क सुरक्षा नियम के तहत सभी एंबुलेंस चालकों को बताया गया कि सभी लोगों को हर 6 महीने में नेत्र परीक्षण कराना अवश्यक है। परीक्षण करवाने के कई लाभ है इससे हमारे रोड दुर्घटनाओं में भारी कमी आएगी गाड़ी को किस गति से चलाना है या गाड़ी चलाते वक्त सभी लोगों को सीट बेल्ट का उपयोग करना पहली प्राथमिकता बताई है।

अवैध असलहा बनाते दो युवकों को पकड़ा

संवाददाता. कालपी जालौन,

अमृत विचार। कदौरा पुलिस द्वारा बुधवार को कदौरा जोल्हूपुर राजकीय हाईवे मार्ग पर स्थित बगिया मजरे के अन्दर अर्धनिर्मित कमरे से 2 अभियुक्तों को तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से भारी मात्रा में निर्मित व अर्ध- निर्मित अवैध शस्त्र व बनाने के उपकरण बरामद किये। जिसके सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने घटना का खुलासा किया।

जानकारी के अनुसार टीम ने अवैध असलहे बनाने के आरोप में सुनील पांचाल पुत्र किशोरीलाल निवासी ग्राम करमेर थाना आटा, शहजाद अंसारी पुत्र वसीर अहमद निवासी मुहल्ला चिमनदुबे थाना जालौन को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 तमंचे 315 बोर, 3 अद्धी 315 बोर, 2 तमंचे 32 बोर, 6 तमंचे अधबने, 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर, 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 10 खोखा कारतूस 315 बोर, 6 खोखा कारतूस 32 बोर तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए। अभियुक्तों से कुल 23 निर्मित और अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र बरामद किये गये। घटना का खुलासा करने वाली में टीम प्रभारी एसओजी, सर्विलांस व थानाध्यक्ष कदौरा आदि मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व असलहा फैक्ट्री का पकड़ा जाना अति महत्वपूर्ण है। पुलिस महकमा कार्रवाई को बड़ी बता रहा है।

अवैध असलहा फैक्ट्री का पर्दाफाश। अमृत विचार

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। फाउंटेन हैड पब्लिक स्कूल चुखी रोड उरई के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रातः 10 बजे से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि राजेश सिंह एआरटीओ प्रवर्तन, व यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डा. सी. पी. गुप्ता व डा. भास्कर अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने वर्किंग एवं नान वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया। जिसमें निर्णायको द्वारा सीनियर एवं जूनियर स्तर पर मुल्यांकन किया गया। जिसमे सीनियर स्तर पर प्रथम पुरुस्कार, सतीष पाल कक्षा 8 द्वितीय पुरुस्कार अशुमन कक्षा 8 एवं तृतीय पुरुस्कार, नैन्सी राजौरिया कक्षा 7 को दिया गया। जूनियर स्तर पर प्रथम पुरुस्कार कृष्णा कक्षा 4 द्वितीय पुरुस्कार नितिका यादव कक्षा 5 एवं तृतीय पुरुस्कार सादगी पाल कक्षा 3 को प्रदान किया गया। अन्य छात्रों सेजल, दिव्यांश श्रेयांश, अंश, शिवनीष, रिया के मॉडल्स भी सराहे गये। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आदित्य चतुर्वेदी, विवेकानन्द चक्रवर्ती, आशीष, आलेल, चन्द्रा मीरा, नेहा, शिवानी आदि शिक्षक गणों ने सराहनीय प्रयास किये। कार्यकम के अंत में विधालय प्रबंधक धक्रिम सिंह द्वारा अतिथियों को आभार व्यक्त किया । एवं छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं की भूरी भूरी उशंसा की गई। डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह के द्वारा के सहयोग के लिए धन्यवाद माना गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल देखते अतिथि। अमृत विचार

नाले में गिरा 8 वर्षीय बालक, डूबने से मौत

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा में 8 वर्षीय बच्चा खेलते-खेलते नाले में गिर गया। इससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्राम ब्याशपुरा निवासी श्री राम ने पुलिस को बताया कि उसका 8 वर्षीय पुत्र राजकुमार पुलिया पर बच्चों के साथ खेल रहा था तभी वह फिसल कर मलंगा नदी में गिर गया तथा पानी का तेज बहाव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह उसकी लाश खोज ली गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक दो भाई थे बच्चे की मौत से घरवालों का बुरा हाल है।

यमुना किनारे श्मशान घाट पक्का मार्ग बनाने की मांग

संवाददाता कालपी-जालौन

अमृत विचार। शेखपुर गुढा गांव के प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यमुना किनारे शमशान घाट और पक्का मार्ग बनाने की मांग की है। उन्होने इस आशय का पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को भेजा है। महेवा ब्लाक क्षेत्र का ग्राम शेखपुर गुढा किसी परिचय का मोहताज नहीं है इसे डकैत से सांसद तक का सफ़र तय करने वाली फूलन देवी के जन्म स्थली है। लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित करने वाला यह गांव अभी विकास में काफी पीछे है। ग्राम प्रधान रामबाबू निषाद के अनुसार गांव के कई रास्ते संकरे व कच्चे हैं जबकि इस गांव में क्षेत्र के ग्राम मंगरौल, नया पुरवा, बसानताल, द्वारिकापुरी, नवलपुरा आदि गांवों से लोग यमुना नदी में दाह संस्कार के लिए आते हैं। उनके मुताविक गांव यमुना नदी के तट पर स्थित है लेकिन यहा शमशान घाट तक नहीं है आलम यह है कि अंतिम संस्कार को आये लोगो गर्मी धूप और बरसात के दौरान परेशानी उठानी पडती है तो बरसात में ईधन भी भीग जाता है इसके अलावा रास्ता कच्चा होने से भी भी बरसात के दौरान आवागमन में परेशानी होती है। उनके अनुसार इन सुबिधाओ को जुटाने के लिए वह शासन से लेकर प्रशासन के जिम्मेदारो को पत्र भेज चुके हैं लेकिन माँग पूरी नही हो सकी है। ग्राम निवासी इन्द्रजीत निषाद, मैय्यादीन निषाद, रामबिहारी रामासरे निषाद आदि द्वारा भी मांग की गई है।

नहीं सुधरे हालात बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोडिंग वाहन, जांच करने में प्रशासन नाकाम

ओवरलोडिंग पर नहीं लग रहा अंकुश

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के साफ निर्देश दिए हैं लेकिन जालौन के परिवहन विभाग पर सीएम के निर्देशों का कोई असर होता नहीं दिख रहा है। जिले में सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड ट्रक सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इससे जिले की सड़कें ध्वस्त होती जा रहीं हैं। कार्रवाई के नाम पर जिले का परिवहन विभाग तमाम दावे कर रहा है लेकिन जमीनी तौर पर टैम्पो, ऑटो का चालान कर विभागीय अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। बतादें कि जालौन में परिवहन विभाग और ओवरलोडिंग का गठजोड़ लंबे समय से चला आ रहा है। मुख्यतः मौरंग लेकर चलने वाले ट्रक बाहुबली और सफेदपोशों से जुड़े होते हैं, इन पर प्रभावी अंकुश के लिए जिले में लंबे समय से प्रसाशन, परिवहन और पुलिस का कोई भी संयुक्त अभियान नहीं चला है। इसकी बदौलत जिले के व बाहरी जनपदों के ट्रक मालिकों के हौसले बुलंद हैं। कालपी तहसील क्षेत्र से गुजरने वाले ज्यादातर ट्रक ओवरलोड होकर गुजर रहे हैं। जोकि सड़कों को भी समय से पहले तोड़ देते हैं। लेकिन जिले में इन पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं है।

मुख्य सड़क पर गुजरते ओवर लोड ट्रक। अमृत विचार

कार्रवाई के लिए लगा रखे हैं तीन दल

परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की बजाए अपना अलग ही राग अलाप रहे हैं। जिले में ओवरलोडिंग को लेकर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार का कहना है कि जिले में दो एआरटीओ और एक पीटीओ मिलाकर तीन दल कार्य कर रहे हैं। सड़कों पर जो भी ओवरलोड वाहन पाया जाता है उस पर कार्रवाई की जा रही है।

फिर कैसे निकल रहे ओवरलोड वाहन

बताया जाता है कि ओवरलोड ट्रकों को सुरक्षित जिले की सीमा से बाहर निकालने के लिए बकायदा एक सिंडिकेट काम कर रहा है। जो प्रत्येक ओवरलोड ट्रक से रुपये लेकर जिले की सीमा से बाहर सुरक्षित पहुंचाता है। जिले के परिवहन विभाग पर इस सिंडिकेट से गठजोड़ के आरोप भी लगते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो फिर खुलेआम ये ओवरलोड वाहन कैसे निकल जाते हैं।

- सारा दिन गुजरते हैं ओवरलोड वाहन

भंडारे में प्रसाद पाने उमड़े श्रद्धालु

कुठौंद जालौन। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत दौन बिचौली चौहारा के श्री संकट मोचन मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में कथा व्यास साध्वी श्री ऋतु पांडे जी मां बागेश्वरी आश्रम दमोह भिंड मध्य प्रदेश, द्वारा अनूठी कथा का श्रवण कराया गया। कथा के समापन के बाद बुधवार को भंडारा हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के परीक्षत मीना देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह भदोरिया बनीं। कार्यक्रम राघव दास महाराज के सानिध्य में हुआ। इस विशाल भंडारा में पधारे महामंडलेश्वर महंत कमल नयन दास, राम जन्मभूमि छोटी छावनी अयोध्या व ग्वालियर, शिवपुरी, चिरगांव, अमरगढ़, जालौन, झांसी, ललितपुर, कालपी, आदि मंदिरों के मंडलेश्वर व क्षेत्रीय महंतों ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था माधव सिंह भदोरिया, रणधीर सिंह भदोरिया, उदयवीर सिंह भदोरिया, विपिन भदोरिया आदि मौजूद रहे।

अल्ट्रासाउंड में मरीजों से टोकन के नाम पर हो रही अवैध वसूली!

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार जहां एक ओर अस्पताल आने वाले गरीब मरीजों को सुविधाएं प्रदान कर रही हैं वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही से लोगों से अवैध वसूली की जा रही है। मामला उरई के जिला अस्पताल का है। मरीजों का आरोप है कि यहां अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों से टोकन के नाम पर पैसे लिए जाते हैं।

मरीजों का आरोप है कि जिला चिकित्सालय उरई अल्ट्रासाउंड कक्ष गेट पर मरीजों का पर्चा जमा करने वाला टोकन प्रणाली लागू रखता है। दूर-दराज का मरीज अपना अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आता है उससे गेट पर खड़े कर्मी द्वारा यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि आज की टोकन व्यवस्था समाप्त हो गई है इसलिए अल्ट्रासाउंड नहीं हो सकता है। जिसकी वजह से मरीज को निराश होकर घर की ओर वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बताते चले कि अगर शहरी क्षेत्र का मरीज अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आता है तो उसका रिक्शा भाड़े में 50 रुपये खर्च हो जाते हैं अगर कोई मरीज दूर-दराज क्षेत्र से अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए जिला अस्पताल आता है तो उसके 100 से 200 रुपए तक किराए भाड़े में खर्च हो जाता है। इसके बाद भी उसका अल्ट्रासाउंड नहीं हो पाता है। इसके बाद भी अस्पताल के जिम्मेदार मरीजों की इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। साथ ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर मरीज। अमृत विचार

- जिला अस्पताल उरई के अल्ट्रासाउंड का मामला

जिंदगी पूरी कर चुकीं बसें सड़क पर दौड़ रहीं

संवाददाता फतेहपुर

- रोडवेज में नीलामी के लिए चयन की गई खटारा बसें यात्रियों को ढो रही हैं
- हिचकोले खाती बसें बीच सफर में हो जाती हैं खराब, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

सभी बसों की बॉडी की कंडीशन बेहतर है, यदा-कदा तकनीकी खराबी आने पर उसे तत्काल दुरुस्त करवाया जाता है। अधिक पुरानी बसों को सरेंडर कर स्क्रैप के लिए भेजा जा चुका है। जल्द ही आयु पूरी करने वाली बसों को भी सरेंडर करवाए जाने की प्रक्रिया अफसरों के निर्देशानुसार शुरू कराई जाएगी।

-विपिन कुमार अग्रवाल, एआरएम

अमृत विचार। 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी सरकारी बसों से यात्रियों का आवागमन कराया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेंदारो द्वारा इस ओर ध्यान न दिए जाने के कारण कभी भी बसों के हादसे का शिकार होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद खटारा बसों के संचालन पर विराम लगता नहीं दिखाई दे रहा है।

परिवहन विभाग द्वारा 15 साल पुराने हो चुके वाहनों को सरेंडर कराए जाने के आदेशों के बावजूद निश्चित आयु पूरी करने वाली सरकारी बसों का संचालन कराया जा रहा है। पुराने वाहनों से फैलने वाले प्रदुषण के चलते ऐसी बसों को स्क्रैप कराए जाने को अनिवार्यता प्रदान की गई थी। वहीं रजिस्ट्रेशन को भी रद्द किए जाने के फरमान नौ माह पूर्व सुनाए गए थे। इसके बावजूद न तो इस ओर रोडवेज प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जा रहा है न ही परिवहन विभाग द्वारा जिससे निश्चित आयु को पूरी करने के बावजूद सरकारी बसे फर्राटा भर रही है। बताते है कि रोडवेज के बेड़े में कुछ ऐसी बसें शामिल है जो 15 वर्ष पूरे किए जाने के बाद भी सड़कों पर दौड़ने के साथ ही यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। इसके बावजूद खटारा बसों के संचालन पर विभाग कोई रोक नहीं लगा रहा।

युवक ने महिला के साथ की मारपीट

थरियांव। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 15 दिन पहले छेड़छाड़ की नीयत से रात में गांव का युवक दरवाजे पर आया और दरवाजा खटखटाने लगा।

बताया कि वह घर में अकेली होने के कारण युवक को देखकर दरवाजा नहीं खोला और डांट फटकार लगाकर घर से भगा दिया। मंगलवार शाम करीब छह बजे गांव का वही युवक उसी खुन्नस को लेकर घर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। महिला ने विरोध किया तो युवक ने महिला को लात घूसों से मारा। जिससे महिला के शरीर में अंदरूनी चोटे आई हैं।

दुष्कर्म का केस वापस न लेने पर उठा ले गए

संवाददाता फतेहपुर

- 22 जनवरी की रात घर में घुसकर किया था दुष्कर्म
- कल्यानपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार। कल्यानपुर थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। युवती के परिजनों का आरोप है कि कार्रवाई न होने से बेखौफ आरोपी व उसके परिजनों ने उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। ऐसा न होने पर युवक ने अपने पिता व भाई के साथ मिलकर युवती का अपहरण कर लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अब अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी के साथ गांव का विपिन अक्सर छेड़छाड़ करता था। 22 जनवरी की रात आरोपी दीवार फांदकर उनके घर में घुस गया और बेटी से दुष्कर्म किया। सूचना के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी से शिकायत करने के बाद पुलिस ने छेड़छाड़, दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, लेकिन एक माह बाद भी आरोपी को जेल नहीं भेजा। आरोपी और उसका पिता हरिशंकर उर्फ भोला, भाई पवन युवती पक्ष पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। युवती को अगवा करने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस को इस बात की सूचना दी, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि 19 फरवरी की रात आरोपी विपिन ने अपने पिता व भाई के साथ मिल कर बेटी को अगवा कर लिया। बेटी का कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। प्रभारी थानाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही युवती को बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

एक नजर

दहेज प्रताड़ना में गिरफ्तार

फतेहपुर। बकेवर पुलिस ने लाला बक्सरा गांव निवासी रज्जन पुत्र स्व. घनश्याम के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

पति-पत्नी में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में बुधवार को निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर सदस्य रेखा सरोज द्वारा काउंसलिंग कराते हुए एक मामले में समझौता कराया गया ।

36 वाहनों का चालान

फतेहपुर। एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने 36 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है।

गोवध के आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। हथगाम पुलिस ने शाहपुर गांव निवासी बब्बू पुत्र गप्पू और नसीर पुत्र गप्पू के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा थे। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया।

जिला अस्पताल में घंटों इंतजार करने के बाद मिल रहा इलाज

खांसी-बुखार बिगाड़ रहा सेहत, इलाज कराने को भटकते हैं मरीज, 900 मरीज पहुंचे

संवाददाता फतेहपुर

पर्चा बनवाने के लिए खड़े मरीज । अमृत विचार

अमृत विचार। जिला अस्पताल में गले में खराश के साथ खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। इसके बावजूद फिजीशियन समय पर ओपीडी में नहीं पहुंच रहे हैं। बुधवार को भीड़ अधिक होने से पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों में धक्कामुक्की होती रही। मरीजों को घंटों इंतजार के बाद इलाज मिल रहा है। वहीं अस्पताल में हृदय रोग के डॉक्टर के साथ-साथ बाल रोग विशेषज्ञ भी मरीजों को देखते रहें।

जिला अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद लंबे समय से खाली चल रहा है। मौसमी बीमारी के सबसे ज्यादा मरीज इलाज के लिए इस समय यहां पहुंच रहे हैं। हृदय रोग के डॉक्टर के साथ साथ फिजीशियन भी मरीजों को देखते हैं। मौसमी बीमारी के मरीजों को देखकर दवा दी जाती है। खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है। फिजीशियन के पास जबरदस्त भीड़ हो रही है।

भीड़ को देखकर डाक्टर भी राउंड पर निकल रहे हैं। इससे मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बीमार, सर्जन और बाल रोग विशेषज्ञ के पास भी इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। हड्डी रोगियों को भी इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है क्योंकि डॉक्टर के पास मरीजों की भीड़ हो रही है। एक एक मरीज को मुश्किल से इलाज मिल पा रहा है।

हसवा निवासी केदार सिंह ने बताया कि पहले तो पर्चा बनवाने में 45 मिनट बीते। खांसी जुकाम की दवा लेने आये थे। इसमें दो घंटे का समय लगा। दूसरे डॉक्टर से दवा लेनी पड़ी। इसी तरह बेरागढ़ीवा निवासी अखिलेश कुमार ने बताया कि गले में खराश हो गयी हैं दवा लेने आये थे। एक घंटे बाद दवा मिल पायी।

शहर के कलक्टरगंज निवासी आनंद पाल ने बताया कि बच्चे को बुखार आ रहा था। दवा लेने आये थे। एक घंटे में दवा मिल पायी है। डॉक्टर का इंतजार भी करना पड़ा। इस तरह से अस्पताल में और भी कई मरीज परेशान होते हुए नजर आये। सीएमएस डॉ. पीके सिंह ने बताया कि इस समय अस्पताल में डॉक्टर की कमी है। जो डॉक्टर हैं प्रयास यही है कि जो मरीज आ रहे हैं वह इलाज लेकर ही लौटें। उन्होंने बताया कि फिजीशियन जो राउंड पर थे उनसे कह दिया गया कि वह पहले ओपीडी के बीमारों को देखें। यदि कोई गंभीर मरीज आये तो जायें नहीं तो पहले जो मरीज आ चुके हैं उन्हें देखा जा रहा है।

जेसीबी से खोद डाला खदान का रास्ता, तीन पर रिपोर्ट

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र की अढ़ावल खदान से निकलने वाले ट्रकों के लिए बने रास्ते को जेसीबी से खोदने पर खनिज निरीक्षक ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ललौली थाना क्षेत्र के अढ़ावल खदान से मौरंग लादकर निकलने वाले ट्रकों का रास्ता खदान संचालकों ने किसानों से जमीन अनुबंध कराकर बनाया था। कई किसानों ने मुआवजा नहीं मिलने को लेकर शिकायती पत्र दिया था। समाधान के लिए तहसीलदार इवेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार और खनिज निरीक्षक बीपेंद्र राजभर राजस्व टीम के साथ सोमवार को जांच के लिए पहुंचे। किसान कमल निवासी चिल्ला जिला बांदा ने बताया कि गाटा संख्या 371 उसके बाबा दर्शन व अन्य सह खातेदारों के नाम दर्ज है। सभी खातेदारों की सहमति से डेढ़ लाख रुपये में संबंधित भूमिधरी का एग्रीमेंट किया गया है। जानकारी मिली कि उस रास्ते पर पंचम सिंह निवासी खजुहा थाना बिंदकी की कोई भूमि नही है।

सार-संक्षेप

बालिकाओं ने खेल में दिखाया अपना जज्बा और दम

फतेहपुर। डॉ भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 34वें दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में क्रीड़ा प्रभारी शरद चंद्र राय द्वारा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य सरिता गुप्ता ने उद्घाटन गुब्बारें उड़ा कर किया। खेल के प्रथम दिन क्रीड़ा प्रभारी श्री शरद चंद्र राय के मार्ग दर्शन में रस्सा कसी समूह खेल, शटल रन, रस्सी कूद, थ्रो बॉल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें दिशा सिंह की टीम ने रस्सा कसी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर शिवांगी श्रीवास्तव की टीम रही तथा तृतीय स्थान रोशनी विश्वकर्मा की टीम ने प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रतियोगिता में कोमल सिंह (बीए तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बीए तृतीय वर्ष की मुबस्सिरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की ही मीना पटेल तीसरे स्थान पर रहीं। 40 मीटर शटल रन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की रोशनी विश्वकर्मा ने बाजी मारी जबकि बीए द्वितीय वर्ष की गीता द्वितीय स्थान पर तथा बीए प्रथम वर्ष की सायमा तृतीय स्थान पर रहीं। थ्रो बॉल प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की सायमा रईस की टीम ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की सचिता देवी की टीम ने द्वितीय स्थान तथा बीए द्वितीय वर्ष की वर्षिता एम कैथल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में सचिता की टीम ने प्रथम स्थान, सायमा रईस की टीम ने द्वितीय स्थान तथा मनप्रीत कौर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बताया कि समारोह का समापन गुरूवार को महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डॉ अविनाश त्रिपाठी होंगे।

पीएम किसान उत्सव दिवस में किसानों को किया गया जागरूक

किशनपुर/असोथर। किसान कल्याण केंद्र किशनपुर में बुधवार को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। जहां उत्सव दिवस का शुभारंभ संयुक्त खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय ने किया। इसके बाद किसान कल्याण केंद्र प्रभारी विशुन सिंह ने कहा कि किसान खेतों को अधिक उपजाऊ बनाने के लिए जैविक खेती शुरू करें। इसके साथ ही उत्पादन बढ़ाने, जायद की फसल में मूंग, उर्द सहित अन्य फसलों को उगाने के लिए कहा। वहीं कहा कि किसान पीएम कुशुम योजना में आवेदन करके लाभ ले सकते हैं। एटीएम मलखान सिंह ने कहा कि जिन किसान भाइयों को पीएम किसान सम्मान निधि नही मिल रही है, वह किसान आवेदन करके योजना का लाभ लें। इसी तरह असोथर ब्लॉक मुख्यालय में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त का वितरण किया गया। पीएम किसान उत्सव दिवस भी मनाया गया। राजकीय कृषि विभाग के अधिकारी राम मिलन परिहार ने जिले में सभी ब्लॉक मुख्यालयों को इसके लिये आवश्यक निर्देश भी जारी किये थे।

एम्बुलेंस चालकों को बताए जाएंगे सड़क सुरक्षा के नियम

संवाददाता फतेहपुर

- जनपद स्तर पर मुख्यालय में की जाएगी कार्यशाला
- चालकों पर मरीज व तीमारदारों की होती जिम्मेदारी

अमृत विचार। वैसे तो सड़क पर वाहन चलाते समय प्रत्येक चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करना चाहिए, लेकिन एम्बुलेंस चालकों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। कारण एम्बुलेंस चालक अधिकतर किसी न किसी गंभीर मरीज को लेकर ही सड़क पर चलते हैं। जरा सी लापरवाही मरीज और उसके तीमारदारों के लिए नई समस्या पैदा कर सकता है। एम्बुलेंस सेवा 108 व 102 के चालकों को जल्द ही कार्यशाला के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी।

सड़क सुरक्षा जागरुकता विशेष पर आयोजित कार्यशाला जल्द ही आयोजित की जाएगी। जहां चालकों को जागरूक करते हुए सड़क पर वाहन चलाते समय क्या-क्या ख्याल रखें, इसकी जानकारी दी जाएगी। नियमों की अनदेखी उनके साथ सड़क पर चल रहे दूसरे लोगों की जान खतरे में डाल सकती है, यह जानकारी के साथ क्या एहतियात बरतनी है, इस पर कार्यशाला होगी। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम सुरक्षित अपने परिजनों के साथ कैसे पहुंच सकते हैं। जरूरी है कि वाहन चलाते समय नशा न करें, वाहन निर्धारित गति से ही चलाएं, रांग साइड वाहन चलाने से परहेज करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। एंबुलेंस के प्रभारी शुभम ने बताया कि कार्यशाला की तिथि जल्द घोषित कर चालकों को जानकारी दी जाएगी।

बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट

बकेवर। बकेवर थाना के कस्बे में मंगलवार की रात रास्ते मे खड़ी बाइक को हटाने को लेकर दो पक्षो में कहासुनी हुई थी। जिससे बाद विवाद बढ़ने पर यह कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई।

बकेवर कस्बा निवासी विनय पटेल ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र में कहा कि मंगलवार शाम उनके बड़े भाई प्रमोद पटेल ने सड़क पर खड़ी बाइक को हटाने के लिए कस्बे के ही निवासी मनीष पटेल से कहा था। जिस बात से उग्र होकर मनीष अपने मामा के लड़के नामित पटेल निवासी मुरारपुर के साथ उनके घर पर आकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर उन्होंने दोनों भाइयों विनय व प्रमोद को हॉकी, डंडों से मारा। मौके पर लोगो की भीड़ होती देख दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

जन औषधि केन्द्रों पर दवाइयों का अभाव

संवाददाता फतेहपुर

जिला अस्पताल में जन औषधि केन्द्र ।

- बाहर से ब्रांडेड महंगी दवाएं खरीदने को मजबूर हो रहे मरीज व तीमारदार

जन औषधि केन्द्रों में दवाओं की कमी लगातार पिछले दो माह से चली आ रही है। इसके लिए समय-समय पर आर्डर देकर समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है लेकिन आर्डर के सापेक्ष दवाओं की आधी सप्लाई भी नहीं आ पा रही।

-डा. पीके सिंह, सीएमएस

अमृत विचार। सरकार ने सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला संयुक्त अस्पताल में दो जन औषधि केंद्र खोले थे। कंपनी की ब्रांडेड दवाओं की अपेक्षा सस्ते दामों में जेनरिक दवाओं का सपना, सपना ही रह गया है। डाक्टर के पर्चों पर लिखी ब्रांडेड दवाएं बाहर से खरीदने को मरीज मजबूर हैं।

जिला पुरुष अस्पताल व जिला महिला अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के मेडिकल स्टोर पहले जैसे अब नहीं रहे। एंटीबायोटिक, एंटीस्पासमोडिक, विटामिन सी, मल्टी विटामिन, एंटी वर्म की पर्याप्त दवाएं नहीं है। एंटीबायोटिक दवा न मिलने पर दूसरी एंटी बायोटिक मजबूरी में लेनी पड़ रही हैं। टेबलेट, कैप्सूल, ट्यूब, सिरप के माध्यम से जनता तक पहुंचाने वाली दवाओं की उपलब्धता न होने से मरीज परेशान हो रहे हैं। यह हालात आज के नहीं बल्कि दो महीने से हैं। मरीजों का कहना है कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि दिक्कतें न हों। कहीं न कहीं जरूरी दवाओं को लेकर प्लानिंग की कमी है और परेशान मरीज हो रहे हैं।

दो महीने में सात बार आर्डर भेजा

कोरोना काल के बाद से केन्द्रों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता नहीं हो सकी है। सुल्तानपुर डिपो से आने वाली दवाएं डिमांड से आधी भी नहीं आ पा रही हैं। यह समस्या पिछले दो महीने से कुछ ज्यादा है। पिछले दो महीने में सात बार आर्डर लग चुका है लेकिन दवाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। तमाम मरीज दवाएं न मिलने के चक्कर में लौट रहे हैं।

बारिश ने बढ़ा दी गलन फिर निकल आए स्वेटर

संवाददाता फतेहपुर

- गर्म कपड़ों को रखने की हो चुकी थी तैयारी
- धूप निकलने के बावजूद ठिठुराती रहीं सर्द हवाएं

अमृत विचार। मौसम का मिजाज मंगलवार को हुई बारिश से एक बार फिर बदल गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुई बारिश का असर रहा कि दिन के वक्त स्वेटर छोड़ चुके शहरियों ने एक बार फिर जैकेट निकाल ली। एक ही दिन में अधिकतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस लुढ़ककर 21.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो सामान्य से आठ डिग्री कम था। माना जा रहा है कि इस हफ्ते बारिश का असर रह सकता है, लेकिन इसके बाद गर्मी दिनोंदिन बढ़ेगी। बुधवार को धूप निकलने के बावजूद सर्द हवाएं ठिठुराती रहीं।

पिछले कुछ दिनों से दिन के तापमान में हुई बढ़ोतरी से आम शहरियों ने शायद मान लिया था कि इस साल की ठंड विदा हो गई है। घरों में जैकेट और कंबल भी बक्सों में रखने की तैयारी हो गई थी, लेकिन मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह अचानक हुई बूंदाबांदी और फिर झमाझम बारिश ने मौसम बदल दिया। बता दें कि यह पछुआ विक्षोभ का अंतिम चरण है। इस हफ्ते मौसम ऐसा ही रह सकता है।

नई तकनीक | 21 थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का भी शुभारंभ, जनपद के छह थानों में मेडिकल कक्षों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने साइबर थाने की वर्चुअल शुरुआत की

संवाददाता फतेहपुर

साइबर थाना व साइबर हेल्प डेस्क शुभारंभ के मौके पर केन्द्रीय मंत्री। अमृत विचार

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनपद की पुलिसिंग सेवा को और बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीक व पुलिस सुविधाओं से युक्त साइबर थाना, साइबर हेल्प डेस्क का वर्चुअली शुभारंभ किया। इसके अलावा जनपद के छह थानों में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन का शिलान्यास किया।

वर्चुअली शुभारंभ व शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस सेवा की अहम भूमिका होती है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश में पुलिस सेवा को सुदृढ़ बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत उन्हें बेहतर वातावरण, बेहतर सुविधाएं और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है। इससे पुलिस बल की ताकत तथा क्षमता और बढ़ जाएगी। बुधवार को थाना कोतवाली पर केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरजंन ज्योति की उपस्थिति में जनपद के साइबर क्राइम थाना स्थित चांदमारी खम्भापुर राधानगर सहित जनपद के 21 थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का शुभारम्भ किया गया। साथ ही थाना औंग, कल्यानपुर, मलवां, कोतवाली नगर, थरियांव एवं थाना खागा में मेडिकल कक्ष मय प्रसाधन का शिलान्यास किया गया। विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष समेत एसपी, एएसपी, सीओ सिटी, सीओ साइबर अपराध सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

फेसबुक आईडी हैक कर पैसा मांग रहे साइबर अपराधी

संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस के पास रोजाना पहुंच रहीं ऐसी शिकायतें

अमृत विचार। इस समय लगभग 80 से 90 प्रतिशत लोग सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। इसमें फेसबुक भी शामिल है। लेकिन जिले में अचानक से लोगों की फेसबुक आइडी हैक कर उसी नाम से दूसरी आइडी बनाने का खेल खेला जा रहा। हैकर दूसरी आइडी बनाकर या तो आपत्ति जनक फोटो अपलोड कर रहे हैं या फिर फेसबुक से जुड़े उनके मिलने वालों से रुपए मांग रहे हैं।

जिले में बीते कई दिनों से अचानक ही किसी की फेसबुक आइडी उसी नाम फोटो से दूसरा चलाने लगता है। कई की फेसबुक आइडी तो दूसरी उसी नाम और फोटो से बना ली गई है इससे लोग परेशान है। लोगों का कहना है कि उनकी फेसबुक आइडी एक और बना ली गई। जिसके माध्यम से जिसने फेसबुक आइडी बनाई है वह उनके मिलने वालों से बीमारी आदि का बहाना कर रुपए मांग रहे हैं। ऐसे में लोगों की चिंता बढ़ रही है जब फेसबुक की उनकी आइडी कोई और उसी नाम और फोटो के बना सकता है तो वह फेसबुक आइडी से कोई और गलत काम कर सकता है। ऐसे साइबर अपराधों की शिकायतें रोजाना पुलिस के पास पहुंच रही हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस और साइबर क्राइम को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए।

शहर से जल्द हट जाएगा लो टेंशन के तारों का फैला पड़ा मकड़जाल

संवाददाता फतेहपुर

- मार्च के अंतिम सप्ताह तक काम पूरा करने का है लक्ष्य
- पुराने जर्जर तारों को हटाकर डाली जा रही एबीसी लाइन

बिजली के जर्जर तार व पोल बदलते कर्मचारी । अमृत विचार

अमृत विचार। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से शहर क्षेत्र में जल्द ही लो टेंशन तार का मकड़जाल हट जाएगा। अनुरक्षण माह के अंतिम सप्ताह तक शहर में प्रस्तावित एरियल बंच कंडक्टर एजेंसी के मजदूर नए पोल पर लगाने का काम पूरा कर देंगे। निगम के अफसरों का दबाव देखते हुए एजेंसी की ओर से शहर में जल्द ही विद्युतीकरण का काम पूरा करने का रोडमैप बनाया गया है।

फरवरी 2022 से शहर क्षेत्र के साथ ही निकाय के वार्ड में कोलकाता व नोएडा की दो एजेंसी ने निगम की ओर से नए बिजली के पोल पर एरियल बंच कंडक्टर लगाने का काम शुरू किया। पहले चरण में शहर क्षेत्र के सभी मोहल्लों में प्रमुख सड़कों के साथ ही मोहल्ले की गली तक पुराने जर्जर तार व पोल को हटाकर नए पोल पर एबीसी लगाने का काम शुरू किया गया। अभी शहर के अलग-अलग मोहल्ले में मानक में एबीसी लगाने का काम बाकी है। मार्च के अंतिम सप्ताह तक अनुरक्षण में निगम की ओर से मरम्मत का काम पूरा करने का लक्ष्य है। गर्मी के समय में आपूर्ति बाधित कर विद्युतकरण के लिए निगम की ओर से शटडाउन नहीं दिया जाएगा। अब निगम के अफसरों के दबाव को देख एजेंसी की ओर से सबसे पहले शहर क्षेत्र के सभी मोहल्ले में एबीसी लगाने का काम मार्च के अंतिम सप्ताह तक पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। रोजाना अलग-अलग उपकेंद्र पर चार घंटे का शटडाउन देकर एबीसी लगाने का काम तेज किया गया है।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम : सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत : ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या -ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता-इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

संपादकीय

देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है,लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है,जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं,सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

> यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल-नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार'जलवायु परिवर्तन'को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है,कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है,पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों,बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक,टमाटर,लहसन,मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है,ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब,आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे,लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है,जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल,बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

प्रसंगवश

नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था,जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका,अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो,जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता,शुचिता,ईमानदारी अभीष्ट थी,लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं,'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात,तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है,उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है,लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं,लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

> समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं,पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है,जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है,लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

सोशल फोरम

बड़ा सच

डॉ.सलिल समाधिया
जबलपुर

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं,आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए,वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे,दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए,जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत,बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड,सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं,जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं,वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है,वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं,वह मूल्यहीन हैं।

-फेसबुक वॉल से

राग वसंत

संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं,मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां,लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है,तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया।

> वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता,उसकी रसमयता,उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है,परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां,बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती,आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत,स्निग्ध,निश्छल,ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग,गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है,उसे समझकर आश्चर्य होता,उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया,मौसम का यह रंग।।

विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

संजय वर्मा
इंदौर

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता,प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं,विज्ञान बेदर्द है,नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं,पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक,टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया,कोई धर्म गुरु,धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं,ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई,तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में,पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है,संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

लाइन पार क्षेत्र में बनेगा भव्य अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन

पुराने स्टेशन भवन की कराई जाएगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। रेलवे सुविधाओं को बढ़ाने के लिए इटावा रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण का काम तेजी से चल रहा है। अब रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया जा रहा है। भाजपा सांसद डा. रामशंकर कठेरिया के प्रयासों से अब लाइन पार क्षेत्र में एक नया भव्य आकर्षक व आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए 50 करोड़ की रकम मंजूर कर दी गई है। जरूरत पड़ी तो इसको बढ़ाकर 100 करोड़ तक किया जा सकता है। इस संबंध में सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने बताया कि रेलवे के आधुनिकीकरण में इटावा में भी लाइन पार क्षेत्र में एक नया आकर्षक रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया यह कार्य जल्दी शुरू हो जाएगा। सांसद ने कहा कि वर्तमान रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग ऐतिहासिक है । इसलिए इसे गिराकर दूसरी बिल्डिंग बनाए जाने की योजना नहीं है, बल्कि इसी बिल्डिंग की मरम्मत करके इसको संजोया जाएगा। इसके साथ ही एक दूसरा रेलवे स्टेशन बना दिया जाएगा। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरु हो जाएगा।

इटावा रेलवे स्टेशन । अमृत विचार

प्लेटफार्म का होगा विस्तार

इटावा। सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इटावा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का भी विस्तार कराया जाएगा और इसे रामनगर फाटक की दिशा में जहां ओवर ब्रिज बन रहा है और बढ़ाया जाएगा। इससे रेलवे प्लेटफार्म बड़ा होगा तथा इसका आकर्षण भी बढ़ेगा इसके साथ ही अन्य सुविधाओं का भी रेलवे स्टेशन पर विस्तार किया जाएगा।

जल्द बनेगा फ्लाई ओवर

इटावा। सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने कहा रामनगर फाटक पर फ्लाईओवर बनाए जाने का काम तेज गति से जारी है इसका निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। लाइन पार के लोगों को इस तरफ आने में जो दिक्कत होती है फ्लाई ओवर बन जाने से उस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा।

टॉयर फटने से मुर्गों से भरी डीसीएम पलटी लोग उठा ले गए मुर्गे

जसवंतनगर, इटावा। अचानक टायर फटने पर मुर्गों से भरा डीसीएम ट्रक थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सराय भूपत के पास पलट गया। काफी लोग मुर्गे ले गए। हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस आने पर हालात सामान्य हुए, पांच लाख रुपये का नुकसान बताया गया है।

बुधवार की सुबह नौ बजे नेशनल हाईवे पर कानपुर से आगरा की तरफ जा रहा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के सामने टायर फटने से पलट गया, जिसमें दो हजार से ज्यादा मुर्गे भरे हुए थे । कुछ ही देर में लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई और मुर्गों की लूट करते रहे। सूचना पर एसआई कपिल कुमार फोर्स के साथ आ गए, ट्रक पलटने से हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर पलटे ट्रक को सीधा कराया, एक घंटे बाद यातायात शुरू हो सका। आगरा के ट्रक ड्राइवर शरीफ ने बताया कि तड़के कानपुर मंडी से मुर्गे भरकर चला था। इस घटना में पांच लाख का नुकसान हुआ है।

तीन दिन से गायब युवक का शव सरसों के खेत में पड़ा मिला

संवाददाता इकदिल, इटावा

- गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका, मामला दर्ज
- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों को लगाया गया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पर्वतपुरा गांव में तीन दिन पूर्व अपने घर से लापता हुए एक युवक का शव गांव के पास एक सरसों के खेत में पडा मिला। युवक की गर्दन पर रगड के निशान पाए गए। इससे आशंका व्यक्त की जा रही कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। हत्या के बाद उसके शव को घर से करीब 500 मीटर दूर सरसों के खेत में डाल दिया। शव मिलने की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

क्षेत्र के गांव पर्वतपुरा निवासी सनी (19)पुत्र स्वर्गीय महेश 25 फरवरी को अपने घर से गांव में जाने की बात कहकर निकला था। उसके बाद वह वापस घर नही लौटा । उसके घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चला सका। परिजनों ने इस सम्बंध में चौकी मानिकपुरा में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज नही की। वुधवार को गांव के ही योगेश अपने गेहूं की फसल में पानी लगाने के लिए पाइप लाइन डाल रहे थे तभी उन्होने सरसों के खेत में उसका शव पडा देखा। उनके शोर मचाने पर गांव व परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। उसके शरीर पर गले मे फंदा डालकर घोटने का निशान पाया गया है, जबकि उसके दोनों हाथ मृतक की शर्ट से बंधे हुए थे शव नग्न अवस्था मे पड़ा था । उसकी चप्पल भी पास में पडी थी । शव मिलने की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी सीओ सिटी के अलावा इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

मृतक के चाचा विजय सिंह द्वारा बताया गया कि मेरा भतीजा मानसिक रूप से विक्षिप्त था उसने आशंका व्यक्त कि उसके भतीजे के साथ कुकर्म किया गया है मृतक की मां भूरी देवी रो रो कर बेहोश बार बार हो जा रही थी वह दो भाइयों में बड़ा था उसके पिता की मौत बारह साल पहले हो गई थी।

क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही श्याम सुंदर उर्फ टुंडा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी को पकडने के लिए तीन टीमों को लगाया गया है।जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। गांव में इस घटना के बाद से लोगों में भय का माहौल बन गया है। लोग देररात घर से निकलने में कतरा रहे हैं।

सीएनजी स्टेशन का उदघाटन करते राम मनोहर एवं डा बृजेश चंद्र । अमृत विचार

सीएनजी गैस स्टेशन खुला, मिलेगी राहत

संवाददाता,जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम फुलरई के पास नव्य आरती भुवनेश सीएनजी स्टेशन का उद्घाटन टोरेंटो के महाप्रबंधक राममनोहर एवं संस्था के संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख डा बृजेश चंद्र यादव ने विधिवत हवन पूजन और नारियल फोड़कर किया। डायरेक्टर डॉ भुवनेश चंद्र यादव ने पहली गाड़ी में सीएनजी डालकर इसकी सेवाओं को जनता को समर्पित किया। कहा कि सीएनजी स्टेशन पर ग्राहकों को सौ प्रतिशत शुद्ध व सही मात्रा में सीएनजी मिला करेगी। इस सीएनजी स्टेशन से आगरा से आने वाली गाड़ियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। सीएनजी स्टेशन का शुभारंभ होते ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने अपने वाहनों में सीएनजी गैस खरीदना शुरू कर दिया।

मांगें मानी गईं, भूख हड़ताल खत्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- एफआईआर से हटाई जाएंगी गलत जुड़ी धाराएं
- बिजली विभाग के कार्यालय पर तीन दिन से चल रही थी हड़ताल

अमृत विचार। शहर के लाइनपार क्षेत्र में विजय नगर में बिजली चोरी के मामले में एफआईआर में लगाई गई कुछ धाराओं को वापस लिए जाने की मांग को लेकर कर्मचारी नेता इं. हरिकिशोर तिवारी की अगुवाई में जारी भूख हड़ताल गलत धाराएं हटाए जाने के आश्वासन पर समाप्त हो गई।

बुधवार को सुबह सदर विधायक सरिता भदौरिया बिजली कार्यालय पर आंदोलन स्थल पर पहुंची। बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत के बाद इं. हरिकिशोर तिवारी को फल खिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई। भूख हड़ताल पर बैठे सभासद शरद बाजपेई व पंकज पचौरी तथा अन्य लोगो को भी फल खिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई गई। सदर विधायक ने कहा कि अधिकारियों से बातचीत हो गई है और एफआईआर से गलत धाराएं हटा ली जाएंगी। इस आश्वासन पर तीसरे दिन यहभूख हड़ताल खत्म हो गई।

हरिकिशोर तिवारी को फल खिलातीं सदर विधायक सरिता भदौरिया । अमृत विचार

कर्मचारी नेता इं. हरिकिशोर तिवारी ने इस मामले को लेकर सोमवार को बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की थी। बात न बनने पर गलत धाराएं हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरु कर दी थी। यह भूख हड़ताल बुधवार को सुबह तक चली। इं. हरि किशोर तिवारी ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने बताया बिजली विभाग ने यह बात भी मान ली है कि जब घरों में अकेली महिलाएं होंगी उस समय चेकिंग नहीं की जाएगी। तीन दिन चली इस भूख हड़ताल में काफीसंख्या में लोग मौजूद रहे और कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया। इन लोगों का आरोप था कि बिजली चेकिंग के दौरान मनमानी की जा रही है।

रेस्क्यू किए गए तेंदुआ का चल रहा इलाज

इटावा। सामाजिक वानिकी प्रभाग, बागपत के बड़ोत रेंज के शाहपुर बाणगंगा स्थित वन ब्लॉक से 27 जनवरी को एक नर तेन्दुआ रेस्क्यू किया गया था। इसका इलाज सफारी में किया जा रहा है। इस तेदुआ को घायलावस्था में 3 फरवरी को इटावा सफारी पार्क लाया गया। इटावा सफारी पार्क के सलाहकार डा. सीएन भुवा गुजरात सरकार के सेवानिवृत्त वरिष्ठ पशु चिकित्सक एवं पशुपालन विभाग के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आरके सिंह की ओर से 9 से 12 तक दिए गए परामर्श के अनुसार इस घायल नर तेन्दुआ का इलाज सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा लगातार किया जा रहा है। डिप्टी डायरेक्टर डा. विनर्य सह ने बताया कि नर तेन्दुआ द्वारा पूर्ण रूप से भोजन ग्रहण किया जा रहा है परन्तु इस तेन्दुआ का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेरी विकासखण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक 28.02.2024

विज्ञप्ति

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बेरी में रामधीन निषाद के मकान से लालाराम निषाद के मकान तक खडंजा व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 06/03/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/03/24 को अपरान्ह 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T.नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/ कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त करने का अधिकार निहित होगा।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	Cements	46.00 Bags
2	Local Sand	47.58 M3
3	Coarse Sand	6.26 M3
4	40 MM Stone Bllast	3.41 M3
5	20 MM Stone Grite	01.26 M3
6	Brick (M-150)	6300.00 No.
7	S.O.B. Brick (275)	17600.00 No.

प्रधान
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

कार्यकर्ताओं की दम पर भाजपा ने विजय पताका फहराई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र इटावा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के बैठक में लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि पहले हम पहचान बनाने के लिए चुनाव लड़े, फिर दूसरे नंबर पर आने के लिए, उसके बाद जीतने के लिए और अब हमें नए रिकॉर्ड के साथ लगातार जीतने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओ के दम पर बीते चुनावों में भाजपा अपनी विजय पताका फहराती आयी है।

संगठनात्मक जिला प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में जो भी काम किया वह ऐतिहासिक हैं। सड़क बाईपास , रेलवे स्टेशन हों, सड़कें हों रेलवे के ब्रिज हों यह सभी कार्य देश में ऐतिहासिक हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरे प्रदेश का माहौल भाजपा के पक्ष में है। सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव 2047 के विकसित भारत की नींव रखने के लिए तथा विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए लड़ा जाएगा। इस बार का लोकसभा चुनाव दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हैं।

जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि भारत की जीडीपी टॉप 5 में है और तेजी से आगे बढ़ रही है। भाजपा औरैया जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने भरसक प्रयास किया। संचालन जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ ने किया।

बैठक को संबोधित करते प्रभारी नीरज चतुर्वेदी। अमृत विचार

यह रहे मौजूद

औरैया जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, लोकसभा सह-प्रभारी बाबा बालक दास पाल, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, सह-संयोजक राकेश पाल, सदर विधानसभा प्रभारी विनोद दुबे एवं संयोजक विमल भदौरिया, भर्थना विधानसभा प्रभारी राम लखन एवं संयोजक गोपाल मोहन शर्मा, औरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, प्रशांत राव चौबे, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, लोकसभा मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1729 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 23/02/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्री बृजनारायण गुप्ता पुत्र रामेश्वर प्रसाद	केनरा बैंक मैनेजर राठ जिला हमीरपुर अपने अधिकृत अधिकारी प्रबंधक श्री के माध्यम से अफजल अहमद केनरा बैंक राठ जिला हमीरपुर	बुधैलियाना –I	16	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1741 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2023–24/ दिनांक 23/02/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्री संजय सिंह तोमर पुत्र प्रमोद सिंह तोमर	श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह	पठानपुर –3	07	726	पंजीकृत दान पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ
हमीरपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बेरी विकासखण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक 28.02.2024

विज्ञप्ति

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बेरी में श्यामलाल निषाद के मकान से महेश निषाद के मकान तक खडंजा व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 06/03/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/03/24 को अपराह्न 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/ कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त करने का अधिकार निहित होगा।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	Cements	32.00 Bags
2	Local Sand	23.15 M3
3	Coarse Sand	4.38 M3
4	40 MM Stone Bllast	2.38 M3
5	20 MM Stone Grite	0.88 M3
6	Brick (M-150)	4400.00 No.
7	S.O.B. Brick (275)	8200.00 No.

प्रधान
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

318 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा एवं चाक चौ बंद व्यवस्था के बीच बुधवार को कराई गई। प्रथम पाली में हाईस्कूल के संस्कृत एवं इण्टरमीडिएट के अर्थशास्त्र तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की संगीत वादन तथा इण्टरमीडिएट की चित्रकला आलेखन एवं प्रावैधिक विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा केंद्रों निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। हाईस्कूल की प्रथम पाली में 2932पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 2738 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 194 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 1606 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1482 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 124परीक्षार्थी अनुपस्थित अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 318 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली।

सूचना

कार्यालय उपायुक्त उद्योग कानपुर नगर

पत्रांक– 2121/मि.औ.आ./आवंटन दिनांक– 28.02.2024

मिनी औद्योगिक आस्थान, घाटमपुर, पतारा, ककवन–बिल्हौर में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र हेतु कतिपय रिक्त भूखण्डों हेतु आवेदन आमंत्रित है। अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु आरक्षित भूखण्ड भी हैं। बड़े निवेश प्रस्ताव को एकमुश्त आवंटन हेतु वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संलग्न की जायेगी। अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवंटन की समस्त कार्यवाही शासनादेश संख्या–04/2018/094/18.2.2018–80 (ल.उ.)/2017 दिनांक 30 जनवरी 2018 के अनुपालन में की जायेगी। अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च 2024 है।

उपायुक्त उद्योग, कानपुर नगर

कार्यालय ग्राम पंचायत परासना विकास खण्ड सैफई–इटावा

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत परासना/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांकः 26.02.24

नोटिस/विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत परासना सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा / 15वें वित/पंचम वित आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत परासना वि0ख0 सैफई ने फर्मो ठेकेदारों से निविदायें / टेण्डर 27.02.2024 से 06.03.24 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 06.03.24 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2024 से 06.03.24 तक ग्राम पंचायत परासना पंचायत सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 %	निविदा का मूल्य
01	सरकारी हैंडपम्पो के पास सामुदायिक सोकपिट निर्माण कार्य (55)	SBM/ वित्त आयोग	428000.00	5600.00	750.00
02	खाद के गडडे का निर्माण कार्य (10)	SBM/ वित्त आयोग	110000.00	2200.00	500.00
03	मिनी आर आर सी सेंटर (1)	SBM/ वित्त आयोग	142000.00	2900.00	500.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत परासना कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 730/33–3–2022–11/2022 दिनाक 20.0422 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकरी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पाम पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों व रिश्तेदरों द्वारा स्थापित पार्न वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त कर दी जावेगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत परासना विकास खण्ड सैफई–इटावा।

ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत बेरी विकासखण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/ मनरेगा 2023–2024 दिनांक 28.02.2024

विज्ञप्ति

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बेरी में लालाराम के मकान से पप्पू निषाद के मकान तक खडंजा व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 06/03/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/03/24 को अपरान्ह 4:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T- नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है। आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/ कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त करने का अधिकार निहित होगा।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	Cements	42.00 Bags
2	Local Sand	47.58 M3
3	Coarse Sand	5.44 M3
4	40 MM Stone Bllast	2.27 M3
5	20 MM Stone Grite	0.84 M3
6	Brick (M-150)	6300.00 No.
7	S.O.B. Brick (275)	17600.00 No.

प्रधान
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत बेरी
विकासखण्ड कुरारा
(हमीरपुर)

एक नजर

सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के नैक मूल्यांकन के लिए समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है। इसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है।

वेतन विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन

अमृत विचार, लखनऊ : नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के एसीएस डॉ .देवेश चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय लिया जायेगा और केंद्र समान पदनाम भी परिवर्तित किया जाएगा। यह बात एसीएस ने बुधवार को मुलाकात करने आये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रतिनिधि मंडल से राज्य कर्मचारियों की मांगों को समझने के बाद कही है।

80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ है आगे बढ़ना

योगी बोले, अति आत्मविश्वास से बचना होगा, जनता के साथ संवाद और बूथों को मजबूत बनाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: माहौल हमारे अनुकूल है और राम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और मजबूत करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत ''मोदी की गारंटी'' पेटिका को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत प्रचार गाड़ी वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

बूथ जीते तो सब जीते

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ. धमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान की शुरुआत की

हम अपने हर संकल्प को पूरा करते हैं: भूपेन्द्र सिंह

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने यहां कहा कि हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या राममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ में साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है।

लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी, गुड्डू जमाली को लिया साथ

आजमगढ़ लोस उपचुनाव में सपा की जीत में बने थे रोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता।

आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दम: गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया थ जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।

सपा में शामिल होने के दौरान बसपा नेता गुड्डू जमाली के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

गुड्डू जमाली ने कहा-हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे।

बागी विधायकों पर सपा नहीं करेगी कार्रवाई

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों की भाजपा के लिए वोट करने के बाद पार्टी की तरफ से कोई कार्रवाई करने से फिलहाल सपा प्रमुख ने इंकार किया। उन्होंने उल्टा पत्रकारों से सवाल किया कि, ऐसे विधायकों को पार्टी से निकाल कर क्या आजाद कर दिया जाए? जो करना होगा विधानसभा स्तर से होगा। वहीं, सपा विधायक अभय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि, एक एजेंसी है एसटीएफ, उसके भय से भी कुछ पाला बदलने को मजबूर हुए। बाकी ने पैकेज डील की है। मैं भी देखता हूं भाजपा किसे, कितना, क्या देती है। यह भी कहा कि संघ और भाजपा की गोपनीय रणनीति जो मुझे बताते थे वे तो चले गए अब कौन अंदरखाने की बताएगा?

इस बार संविधान मंथन होगा: अखिलेश यादव

लखनऊ, इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा पीडीए परिवार बढ़ता चला जा रहा है। हम जितना परिवार बढ़ा लेंगे उतना ही भाजपा को हराने में सक्षम होंगे।

क्रासवोटिंग करने वाले विधायकों का राजनीतिक भविष्य अभी साफ नहीं

अमृत विचार, लखनऊः सपा के जिन सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में खुलेआम क्रासवोटिंग की उनके राजनीतिक भविष्य की अभी तस्वीर साफ नहीं है। चर्चा इस बात की है कि कि सातों विधायक इस्तीफा देकर या तो फिर से चुनाव के मैदान में जाएंगे या फिर सपा उनकी विधानसभा सदस्यता रद कराएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में इन बागी विधायकों को एक अलग गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है और सदन में सातो के सपा से अलग बैठने की भी व्यवस्था हो सकती है। वहीं, अगर इन विधायकों ने खुद ही अपनी सदस्यता से इस्तीफा दिया तो इन सात सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होगा।

48 लाख युवाओं के रुपयों से भाजपा लड़ेगी लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि 48 लाख युवाओं की रकम से भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण से भाजपा के पास करोड़ों का फंड आया है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी के विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक का राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करना यह स्पष्ट करता है कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम बनकर कार्य रही है। पर्चा लीक प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा फार्म को भरने में लगभग 400 रुपये का खर्च आता है। इसके बाद परीक्षा की तैयारी व परीक्षा देने का खर्च अभ्यर्थियों को वहन करना पड़ता है, फिर पर्चा लीक हो जाता है। यह सरकार की असफलता है।

कांग्रेस कार्यलय में प्रेस वार्ता के दौरान नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

▸▸ पेपर लीक से मिला करोड़ों का फंड: अजय राय

गोंडा सीएमओ कार्यालय का घूस लेने वाला बाबू निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए गोंडा सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर निलंबन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम होकि गोंडा सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने के लिए 5000 रूपए रिश्वत लेने वाले बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था। साथ ही आरोपी धर्मेश को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत पर हुई थी, आरोप था कि वरिष्ठ सहायक धर्मेश राय घूस न मिलने के चलते पीड़ित को परेशान कर रहे थे। मामले को उप मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और दोषी वरिष्ठ लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

रजनीश दुबे बनाये गये राजस्व परिषद के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 13 आईएएस अफसरों के तबादले

▸▸ डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का आवास आयुक्त बनाया गया

अमृत विचार: राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 13 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था।

आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। अभी तक वह एमडी जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनात थे। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है।

राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है।

रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है।

विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली योजनाएं बनाई जाएं

अमृत विचार, लखनऊ : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन बनाने के लिए पर्यटन विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे। विदेशी पर्यटक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा दिन रूके और भ्रमण करें, ऐसी योजनाएं बनायी जाएं। क्योंकि एक पर्यटक के आने से छह लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही होटल, टैक्सी व स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ती है। पर्यटन मंत्री, बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

अमृत विचार, राज्य ब्यूरो। शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी . को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है ।शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

वर्ग पहेली-357

बाएं से दाएं

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

ऊपर से नीचे

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



वर्ग पहेली - 356 का हल

1 ह	■	■	2 तु	■
गा	■	3 सु	ल	■
ना	■	हा	नी	■
■	4 कु	व	ल	य
5 र	ल	ना	■	6 खु
■	प	■	■	र
7 इ	ति	हा	स	हा

सुडोकू -74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		4			6	1	
	1			6				9
			3	5			2	
		5				3		8
4			8		6			2
8		7		9		1		
	5				7			
2				3			4	
	6	9			4		5	

सुडोकू - 73 का हल

6	1	4	3	7	9	5	2	8
3	5	7	1	2	8	4	6	9
2	8	9	5	6	4	3	1	7
4	7	5	9	1	3	6	8	2
8	3	2	7	5	6	9	4	1
9	6	1	4	8	2	7	5	3
1	4	6	8	3	7	2	9	5
7	2	8	6	9	5	1	3	4
5	9	3	2	4	1	8	7	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06 .21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 10 .22 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन — आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

कर्क — आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होगी।

कन्या — आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

तुला — आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक — आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

धनु — आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

मकर — आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

कुंभ — आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

मीन — आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **जुआरी** — सुबह : 11 .25
- **धड़कन** — शाम : 06 .44

SONY MAX
- **झूम बराबर झूम** — सुबह : 11 .30
- **ऑल द बेस्ट** — रात : 07 .00

SONY PIX
- **द डार्क नाइट** — सुबह : 10 .42
- **द कॉन्ज्यूरिंग** — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- **बैंजो** — सुबह : 10 .30
- **ये साली आशिकी** — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- **क्वीन** — सुबह : 09 .20
- **कुछ कुछ होता है** — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूं दड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूं फारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4200-4300
उड़द हरा	10000-10200
उड़द काला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहर फूल	14700-14800
अरहर स्पेशल	12100-12200
चना दाल	7050-7150
मटर दाल	5000-5100
मसूर मलका	6850-6900
मसूर दाल	6950-7000
उड़द दाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूंग दाल	8800-10300
मूंग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं1.	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं2.	6500-7500
किराना (प्रति क्वि.)	
कली मिर्च	55000-70000
बड़ी इलायची	85000-120000
सोंठ	30000-40500
धनिया	6000-13000
लाल मिर्च	28000-34000
जीरा	58000-62000
अजवाइन	20000-28000
सौंफ	20000-35000
हल्दी	13500-16500।

जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके

साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत

करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति नग)	47,550-47,750
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	71,500
चांदी तैयार	71,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80,000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	708 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

कारोबारी सुनील मित्तल को मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ निवेशकों की संपत्ति एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,02,338.56 करोड़ रुपये घटकर 3,85,97,298.49 करोड़ रुपये पर आ गया। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तपसे ने कहा कि वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान से पहले भारी बिकवाली दबाव देखने को मिला।

देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।

बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

नई दिल्ली। भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम

रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

शिमला। राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को

दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

गुवाहाटी। कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

चेन्नई। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,

ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

नई दिल्ली। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...



चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

चिप निर्माण में ताइवान उभरा



ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

चिप निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल

तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3 .48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

चिप क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

चिप आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

एक नजर

ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

वाशिंगटन। यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

लंदन। लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।

दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

सोल। दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

माले। चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन :पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।

खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

नई दिल्ली। रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास...

बीकानेर : महाजन फायरिंग रेंज में भारत और जापान की सेना में संयुक्त युद्धाभ्यास 'धर्म गार्डियन' जारी है। दोनों देश के सैनिक हथियारों की तकनीक साझा कर रहे हैं। सैनिकों ने रेंज के धोरों पर टैंक दौड़ाए। यह युद्धाभ्यास 9 मार्च तक चलेगा। जापान का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैन्ट्री और भारत का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की बटालियन कर रही है। ● एजेंसी

खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

भुवनेश्वर। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

विज्ञान एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

5 मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव

अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।